दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 32 | जयपुर | बुधवार, 04 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- सेक्सुअल हैरेसमेंट पर राज्य कंप्लेंट कमेटी बनाए

**कहा- पीओएसएच एक्ट लागू हुए इतने साल बीते, इसका पालन नहीं होना चिंताजनक है**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वर्कप्लेस पर महिलाओं के प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की निर्देश दिया है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच का ये निर्देश गोवा यूनिवर्सिटी के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडीस की याचिका पर आया। उन्होंने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 को केंद्र और राज्य सरकारों को ये वेरिफाई करने को कहा गया था कि क्या वर्कप्लेस पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल गठित किए गए हैं या नहीं। इसके साथ ही फर्नांडीस ने उन पर लगे सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों पर बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा- प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 में आया था। इतने वक्त बाद भी इसे लागू करने में इतनी गंभीर खामियां मिलना चिंताजनक है। ऐसा होना बहुत ही ज्यादा दुखद है। क्योंकि इसका राज्यों की कार्यशैली, पब्लिक अथॉरिटी और पब्लिक संस्थानों पर खराब असर पड़ता है।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति मामले की सुनवाई से सीजेआई हटे

**नई बेंच 6 जनवरी से सुनवाई करेगी; पैनल से सीजेआई को हटाने पर कांग्रेस ने याचिका लगाई**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नए बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि, कुछ समय बाद सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है। इस विवाद के बावजूद केंद्र ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था।

## हसीना बोली- मोहम्मद यूनुस अल्पसंख्यकों पर हमलों के जिम्मेदार

**जनसंहार नहीं चाहती थी इसलिए देश छोड़ा; ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया**

बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले और उनकी हत्याओं का जिम्मेदार अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को बताया है। न्यूयॉर्क के एक सेमिनार को वर्चुअली संबोधित करते हुए हसीना ने कहा- बांग्लादेश में सामूहिक हत्याओं का जिम्मेदार मुझे बताया जा रहा है लेकिन हकीकत में मुहम्मद यूनुस हैं जो छात्र नेताओं के साथ मिले हुए हैं और सामूहिक हत्याओं में शामिल हैं। हसीना ने कहा- बांग्लादेश में टीचर, पुलिस पर हमले हो रहे हैं, वे मारे जा रहे हैं। हिंदू, बौद्ध और ईसाईयों को टारगेट किया जा रहा है। हसीना ने कहा, यूनुस सरकार के लोग ही सामुहिक हत्याओं के मास्टरमाइंड हैं। यहां तक कि लंदन से तारिक रहमान (खालिदा जिया के बेटे) ने भी कहा है कि अगर मौतें जारी रहीं, तो सरकार नहीं चलेगी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

# महिला सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार

## पारदर्शिता के साथ हो आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन : मुख्यमंत्री शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सुविधाओं का उन्नयन करते हुए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ केन्द्रों का संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तीकरण की योजनाओं का लाभ प्रत्येक महिला, बच्चे और परिवार तक लाभ पहुंचाना जाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों विशेषकर जनजातीय में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए हमें दीर्घ अवधि की कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिए जा रहे पोषण आहार की निरन्तर समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार किए जाए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को वार्षिक कैलेण्डर बनाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा सेतु योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल सामर्थ्य योजना के अन्तर्गत लाभान्वित युवाओं को स्वरोजगार सुनिश्चित करने के क्रम में अधिक से अधिक सुविधाएं सृजित करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने कहा कि योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं की नियमित ट्रेकिंग करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए।

### लाडो प्रोत्साहन योजना से मिल रहा बालिकाओं को संबल

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिकाओं को समुचित शिक्षा और सम्बल प्रदान करने के लिए 'लाडो प्रोत्साहन योजना' अहम है, जिसके तहत हमारी सरकार बेटी के जन्म से लेकर स्नातक शिक्षा पूरी करने तक एक लाख रुपये की राशि दे रही है। राज्य सरकार शीघ्र ही इसके अन्तर्गत 1 साथ 1 लाख लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 2500 रूपये की किस्त हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 'प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना' के अन्तर्गत एक साथ लगभग 70 हजार लाभार्थियों को बढ़ी हुई 1500 रूपये की अतिरिक्त राशि देने जा रही है।


### ● आंगनबाड़ी के बच्चों को सप्ताह में मिलेगा 3 दिन दूध

शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार (आंगनबाड़ी दुग्ध वितरण योजना) योजना का भी शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों पर सप्ताह में तीन दिन दूध उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार 200 करोड़ रूपये व्यय करेगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में एक मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का भी शीघ्र शुभारंभ करेगी।

### ● महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की बढ़ाए संख्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जल्द ही आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को नवाचार एवं नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शर्मा ने विभाग के अधिकारियों को महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की संख्या बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से 24 हजार से अधिक प्रकरणों में सामाजिक एवं पारिवारिक स्तर हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान की गई है। राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करने के लिए नीति एवं कार्यक्रमों के माध्यमों से प्रभावी कदम उठा रही है। महिला एवं बच्चे समाज के प्रमुख अंग है, जिनके उत्थान के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# तारीख पर तारीख के दिन खत्म : पीएम मोदी



- भ्रष्टाचार में कार्रवाई की कानूनी अड़चन दूर होगी
- 3 नए कानून लागू करने की समीक्षा की




बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (3 दिसंबर) को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 नए कानूनों को लागू करने की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी उनके साथ रहे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किए गए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नए कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है। अब तारीख पर तारीख का खेल खत्म हो गया है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन लद गए यानी खत्म हो गए हैं। नए कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आने वाली कानूनी अड़चन दूर होगी।

### पीएम मोदी के संबोधन की अहम बातें

1. **लोगों ने सोचा था, अंग्रेज चले गए तो उनके कानूनों से मुक्ति मिलेगी**
   पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में 1857 में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके बाद 1860 में अंग्रेजों ने आईपीसी बनाई। इन कानूनों का मकसद भारतीय को दंड देना, उन्हें गुलाम बनाना था। कई लोगों के बलिदान के बाद 1947 में देश को आजादी मिली। जब आजादी की सुबह आई तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह था। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गए हैं तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे।
2. **आजादी के बाद भी गुलामों के लिए कानून ढोते रहे**
   मोदी ने आगे कहा कि देश की आजादी के दशकों बाद भी हम उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हालांकि इन कानूनों में थोड़ा-बहुत बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। आजाद देश में गुलामों के लिए बने कानूनों को क्यों ढोया जाए, न हमने यह बात उनसे पूछी, न ही शासन कर रहे लोगों ने समझी। इन्होंने भारत की विकास यात्रा को प्रभावित किया। देश अब उस गुलामी से बाहर निकले। इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था।
3. **मैंने लाल किले से लोगों के सामने यह बातें रखीं**
   पीएम मोदी ने कहा कि 15 अगस्त को मैंने लाल किले से यह चीज लोगों के सामने रखी थी। पीएम मोदी ने कहा कि 2020 में इन 3 नए कानूनों का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इसके बाद कई जगह से सुझाव लिए गए। इसमें हाईकोर्ट के जजों और लोगों से बात की गई। आजादी के 7 दशकों में न्याय व्यवस्था में आई चुनौतियों पर मंथन किया गया।
4. **जीरो एफआईआर कानूनी बनाई, हर कार्रवाई टाइम बाउंड की**
   पीएम ने कहा कि ये कानून नागरिकों के अधिकारों के प्रोटेक्टर बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना मुश्किल होता है। अब जीरो एफआईआर को कानूनी रूप दिया गया गया है। पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दी जाएगी। अगर आरोपी से कोई केस हटाना होगा तो पीड़ित की सहमति जरूरी होगी।

## जयशंकर बोले- भारत और चीन के रिश्तों में मामूली सुधार

**पूर्वी लद्दाख में सेनाएं पीछे हटीं, लेकिन एलएसी के कई इलाकों में अभी भी विवाद**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को भारत-चीन सीमा विवाद पर संसद को जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सदन में कहा कि भारत और चीन बातचीत और कूटनीति के जरिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट हो चुका है। हालांकि एलएसी पर अभी भी कई इलाकों में विवाद है। भारत का मकसद ऐसा समाधान निकालना है, जो दोनों देशों को मंजूर हो। उन्होंने कहा, 2020 के बाद से भारत और चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हैं। बॉर्डर पर शांति भंग हुई थी, तब से दोनों देशों के रिश्ते ठीक नहीं हैं। हालांकि हाल ही में हुई बातचीत से स्थिति में कुछ सुधार हुआ है।

### 2 साल में 38 बैठकें हुईं, हर स्तर पर बातचीत हुई : विदेश मंत्री

बातचीत, प्रयास और कूटनीति: विदेश मंत्री ने बताया कि भारत और चीन के बीच रिश्ते बेहतर करने के लिए मेरी चीनी विदेश मंत्री से बातचीत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने समकक्ष चीनी नेता से बातचीत की। इसके अलावा राजनयिक स्तर पर वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कोऑपरेशन एंड कोऑर्डिनेशन और सैन्य स्तर पर सीनियर हाईएस्ट मिलिट्री कमांडर्स बैठकें होती हैं। जून 2020 से अब तक डब्ल्यूएमसीसी की 17 और एसएचएमसी की 21 बैठकें हुईं, तब जाकर 21 अक्टूबर 2024 को देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों पर समझौता हुआ। सितंबर 2022 से इन मुद्दों पर चर्चा चल रही थी, जब हॉट स्प्रिंग्स पर अंतिम समझौता हुआ था। जून 2020 की गलवान झड़प में 45 साल बाद पहली बार सैनिकों की जान गई और सीमा पर भारी हथियार तैनात हुए। भारत ने इस चुनौती का मजबूती से सामना किया। गलवान झड़प ने रिश्ते बिगाड़े: 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीन ने सीमा के पास बड़ी संख्या में सैनिक तैनात किए, जिससे दोनों देशों के सैनिकों के बीच तनाव बढ़ा। यह स्थिति भारतीय सेना की गश्ती में रुकावट बनी।

## फडणवीस सीएम हाउस में शिंदे से मिले, आधा घंटे बातचीत

**पर्यवेक्षक विजय रूपाणी मुंबई पहुंचे; आज राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करेगा महायुति**

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर सस्पेंस के बीच देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार शाम सीएम हाउस वर्षा में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से आधे घंटे की मुलाकात की। महाराष्ट्र चुनाव के बाद यह दोनों की दूसरी मुलाकात है। इससे पहले दोनों दिल्ली में मिले थे। फडणवीस से पहले भाजपा नेता गिरीश महाजन और उदय सामंत ने मंत्रालय के बंटवारे को लेकर शिंदे से मुलाकात की थी। वहीं, भाजपा विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होंगे। इस बैठक के लिए रूपाणी मुंबई पहुंच गए हैं।

महायुति का एक प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिलाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। इससे पहले महायुति की फाइनल बैठक होगी। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आए थे। महायुति यानी भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी पवार को 230 सीटों का भारी बहुमत मिला, लेकिन 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। ठाणे से मुंबई लौटे शिंदे शिंदे आज ही ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पहुंचे हैं। वे शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं। ठाणे में उन्होंने अस्पताल में अपना रुटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा- सेहत अच्छी है। सूत्रों के मुताबिक आज शिंदे की शिवसेना विधायकों के साथ भी मीटिंग होनी है। ये मीटिंग देर रात में होगी और इसमें सरकार गठन पर अहम फैसले होंगे।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित : जिला कलक्टर

## डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त अभियान के लिए ई-शपथ पोर्टल का किया शुभारंभ

- मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई
- कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये हैं। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की राज्य स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर की ई-शपथ की वेबसाइट को लॉन्च किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (हढ्ढष्ट) की जयपुर जिला इकाई एवं स्वब्तश्1 दिल्ली की टीम के सहयोग से अल्प समय में इस पोर्टल को तैयार कराया। सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए ई-शपथ पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल नशा मुक्त जयपुर के लिए वातावरण निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से जयपुर जिले के प्रत्येक युवा को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने का प्रयास रहेगा। इस हेतु 21 लाख नागरिकों को ई-शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पोर्टल के लिंक https://pledge.mygov.in/nasha-mukt-jaipur/ का उपयोग कर ई-शपथ ली जा सकती है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलवाई एवं बैठक के दौरान ही अधिकारियों को ई-शपथ का प्रमाण पत्र भी वितरित किया।

जिला कलक्टर ने नशा मुक्त जयपुर को जन अभियान बनाने एवं युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कुमार मूंड, पुलिस विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला औषधी निरीक्षक, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग, संविदा पर हो होगी भर्ती




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस प्रदेश शाखा ने प्रदेशभर में हो रही सफाई कर्मचारी भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस ने इस भर्ती में भ्रष्टाचार की बात कहते हुए सफाई कर्मचारियों की संविदा पर भर्ती करने की बात कहीं है। इन मांगों के पूरा नहीं होने पर प्रदेश शाखा बुधवार को सम्पूर्ण नगर निकायों और राजकीय विभागों में झाडू लगाना बंद कर देंगे। इससे वाल्मीकि समाज पर कुठाराघात भी नहीं होगा। वहीं दूसरी और भर्ती में अनुभव प्रमाण देने से सहित अन्य मुद्दों पर नगर निकायों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग विरोध भी किया जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष किशन लाल जैदिया ने बताया कि नगर निकायों में चल रही भर्ती प्रक्रिया में पूरी तरह से भ्रष्टाचार हावी हो रहा है। सरकार की भेदभाव नीति के खिलाफ संगठन पदाधिकारियों की मंगलवार को बैठक बुलाई गई। बैठक में विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर इस भर्ती को रद्द नहीं किया तो राज्य के सम्पूर्ण नगर निकायों में एवं राजकीय विभागों में झाडू लगाना बंद कर आंदोलन किया जाएगा।

# गुंटूर नगर निगम के आयुक्त पुली श्रीनिवासुलु ने जयपुर में हैनिमैन चैरिटबल सोसाइटी का दौरा किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गुंटूर नगर निगम के आयुक्त पुली श्रीनिवासुलु, आई.ए.एस.ने मंगलवार को जयपुर के नगर निगम ग्रेटर के विभाग के सदस्यों के साथ रोड, सांगानेर, जयपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हैनिमैन चैरिटबल सोसाइटी की सामाजिक गतिविधियों को देखा। दौरे के दौरान, आयुक्त का HCMS के संस्थापक डॉ0 अतुल गुप्ता और सचिव मोनिका चतुर्वेदी गुप्ता द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। उन्हें किसानों, स्वयं सहायता समूहों और अपशिष्ट प्रबंधन के कल्याण के लिए संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न परियोजनाओं और कार्यक्रमों का व्यापक दौरा कराया। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक, HCMS व आईआईएएसडी के संस्थापक डॉ0 अतुल गुप्ता ने आयुक्त को जैविक वन औषधि पादप केंद्र का दौरा कराया जहां किसानों को सतत कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जाता है और उसी के साथ गोबर से बने पर्यावरण-हितैषी उत्पाद जैसे कि दीपक, राखी और गोबर की लकड़ी भी दिखाएँ। हैनिमैन चैरिटबल सोसाइटी की सचिव श्रीमती मोनिका चतुर्वेदी गुप्ता ने गुंटूर नगर निगम के आयुक्त को HCMS महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए



उपयोग किए जाने वाले प्लेटफॉर्म का प्रदर्शन किया। HCMS द्वारा इन उत्पादों की खरीद और विपणन में दिए गए समर्थन को भी हाइलाइट किया। आयुक्त ने गोबर और मंदिर के फूलों के कचरे को मिलाकर लाख की चूड़ियां बनाने की नवीन तकनीक की लाइव प्रक्रिया भी देखी। सचिव ने बताया की HCMS का जयपुर लाख चूड़ी क्लस्टर विकास परियोजना कार्यक्रम के लिए राजस्थान सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम है। पुली श्रीनिवासुलु, आई.ए.एस. HCMS SHGs द्वारा बनाए गए मसाले, अचार, कुकीज़ और अन्य जैविक और हस्तनिर्मित उत्पादों की विविधता से प्रभावित हुए। आयुक्त ने सतत विकास को बढ़ावा देने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने में HCMS द्वारा किए गए मूल्यवान कार्य की सराहना की।

# नौकरी लगवाने का झांसा और नाम बदल कर बारह लाख रुपये की ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी लगवाने का झांसा और नाम बदल कर बारह लाख रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौकरी लगवाने का झांसा और नाम बदल कर बारह लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर ठग असलम काठात उर्फ अजय शर्मा निवासी ब्यावर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि इस संबंध में 22



नवम्बर को पीडित जगदीश प्रसाद यादव निवासी सांगानेर ने मामला दर्ज करवाया था कि एक परिचित व्यक्ति अजय शर्मा जो खुद को आर्मी में एमईएस के पद पर नसीराबाद में पोस्ट होना बताया और आर्मी में उच्च अधिकारियों में अच्छी पकड़ और जान पहचान होना बताया। इस पर आरोपित ने उसे और अन्य लडकों को आर्मी में सरकारी नौकरी लगवाने का और नाम बदलकर बारह लाख रुपये ठग लिए। काफी समय निकल जाने के बाद जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने रुपये देने से इनकार कर दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। इस धोखाधडी के चलते पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल करे हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार - विमर्ष पश्चात् स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जोन-6 में सीकर रोड (रोड नं. 14 एनएच बाईपास से चौंमू पुलिया तक) पर 24.08 करोड रूपय के सडक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की निविदा की स्वीकृति दी गई। घाट की गुणी टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल शुल्क) के संचालन, रखरखाव और संग्रह के लिए 91.11 करोड़




रूपये की निविदा का कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। जोन-7 में सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर कल्वर्ट (सी-जोन बाईपास से सिरसी मोड तक) बॉक्स ड्रेन के निर्माण कार्य के लिए (चरण-I) हेतु 9.38 करोड़ रूपये एवं (चरण-II) हेतु 9.38 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया। सीकर रोड से बढारना जेडीए योजना तक मुख्य नाले का निर्माण तथा सब्जी मंडी पुलिया से उक्त नाले तक 100 फीट रोड के साथ नाली निर्माण कार्य के लिए 27.79 करोड़ रूपये की निविदा का अनुमोदन किया गया।

# युवती से रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले युवक ने किया रेप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले एक युवक के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर टिकट देने वाले युवक हेमराज मीणा पर आरोप लगाया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर मालवीय नगर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई मालवीय नगर विजयपाल को दी गई है। जांच अधिकारी एसआई विजय पाल ने बताया कि युवती के भाई ने रिपोर्ट दी है कि 27 तारीख को उसकी बहन जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर मथुरा का टिकट लेने के लिए गई थी। उस दौरान उसे काउंटर पर मौजूद युवक हेमराज मीणा ने कहा कि आज सर्वर खराब है। साथ ही युवती को खुद का मोबाइल नम्बर भी दे दिया। युवती अगले दिन 2 बजे फिर से जगतपुरा स्टेशन पहुंची। आरोपी हेमराज मीणा ने कहा- आज भी सिस्टम खराब है। इस पर आरोपी ने उससे कहा कि वह उसके साथ चले वह टिकट की व्यवस्था करता है। इस पर युवती उस की स्कूटी में बैठ कर उस के साथ चली गई। आरोपी युवती को मालवीय नगर में एक जिम में ले गया जहां पर आरोपी ने युवती के साथ गलत काम किया। युवती की गंदी तस्वीरें भी ली। आरोपी ने धमकाया कि किसी को ये बात बताई तो वह उसके वीडियो वायरल कर देगा। इस पर युवती वहां से निकल कर रामगढ़ चली गई और माता-पिता को आपबीती बताई। जिस पर परिजन मालवीय नगर पहुंचे और युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# करौली में पटवारी 6 हजार 500 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर करौली इकाई द्वारा मंगलवार को एक पटवारी को 6500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की करौली इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि कृषि भूमि का विरासत के आधार पर नामान्तकरण खोलने की एवज में आरोपी पूरन चंद खारवाल पटवारी द्वारा 8 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की करौली इकाई के प्रभारी पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को आरोपी पूरन चंद खारवाल पटवारी को परिवादी से 6500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 1500 रुपए रिश्वत के रूप में वसूल किए जा चुके हैं। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

### आज आयुर्वेद को अपनाने के लिए पूरी दुनिया तैयार है : कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

# पूरे विश्व में आयुर्वेद आहार आयुर्वेद के क्षेत्र में रिसर्च और काम करने वालों के लिए एक बड़ा अवसर है : कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में नवागन्तुक स्नातकोत्तर छात्रों के लिए शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में वैदिक काल की गुरुकुल परंपरा के अंतर्गत देशभर से आयुर्वेद चिकित्सा में स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिये शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धन्वंतरि पूजन एवं हवन से किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सभी विभागों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा संस्कृत में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मदन मोहन मालवीय कॉलेज उदयपुर के प्रो. महेश दीक्षित, कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. पी हेमंता, कुलसचिव प्रो. अनिता शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. महेश दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा आप किसी व्यक्ति की प्रकृति और स्वभाव को नहीं बदल सकते, लेकिन आप उसकी दिशा को बदल सकते हैं उसकी पावर को डाइवर्ट कर सकते हैं। आज आप देश की आयुर्वेद में अग्रणी संस्थान में प्रवेश लेकर उसका हिस्सा बन गए हैं, अब आपको तय करना है की आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में अपना भविष्य कैसा बनाना चाहते हैं। आपको आयुर्वेद में अपना नाम बनाने के लिए नई तकनीक के साथ में प्राचीन आयुर्वेदिक ग को पढ़ना होगा उन पर रिसर्च करनी होगी तभी आप एक सफल आयुर्वेद चिकित्सक बन पाएंगे साथ ही समय प्रबंधन को भी समझना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा आज आयुर्वेद शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर पूरे देश में पहले स्थान पर है। हम सभी को अपने संस्थान पर गर्व होना चाहिए हम सभी की एक ही भावना होनी चाहिए कि हम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान



के विद्यार्थी हैं। प्रथम वर्ष के नवआगंतुक स्नातकोत्तर छात्रों के लिए 15 दिन तक संस्थान में विभिन्न विभागों के शिक्षकों, चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जायेगी। शिष्योपनयन संस्कार कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ संस्थान के विभिन्न विभागों शिक्षक, चिकित्सक, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# सुओमोटो के तहत सड़क सीमा से हटाए अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जोन-09 में सुओमोटो के तहत 7 नं. बस स्टैंड से सांगानेर आर.ओ.बी. तक करीब 4 कि.मी. तक दोनों ओर सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, मानसागर और बुद्धविहार के बीच 60 फीट सड़क सीमा पर भी अतिक्रमण हटाया गया। जोन-10 में सुओमोटो के तहत ट्रांसपोर्ट नगर से दिल्ली रोड, खोले के हनुमान जी धोबी घाट तक करीब 4 कि.मी. तक सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। वहीं, जोन-02 के हसनपुरा के पास जेकब रोड पर भी अतिक्रमण हटाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विष्णोई ने बताया कि राजस्थान राइजिंग ग्लोबल इवेंट्स समिट के मद्देनजर, जोन-09 के क्षेत्राधिकार में स्थित 7 नं. बस स्टैंड से सांगानेर आर.ओ.बी. तक लगभग 4 कि.मी. तक सड़क पर करीब 100 स्थानों पर अतिक्रमण किया गया था। इसमें अवैध रूप से बांस, छप्पर, त्रिपाल की झुग्गियां, लोहे के एंगल, टिनशेड, टेबल, कुर्सियां, ठेलें, थड़ी, होर्डिंग साइन बोर्ड आदि लगाए गए थे। इन अतिक्रमणकर्ताओं को सुओमोटो के तहत नोटिस जारी कर मुनादी कराई गई और अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया। जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान चलाया गया। आज, 03 दिसम्बर 2024 को जोन-09 के राजस्व और तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अतिक्रमण हटवाया और सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया। इसी तरह, मानसागर और बुद्धविहार के बीच 60 फीट सड़क सीमा पर भी करीब 150 मीटर तक अतिक्रमण किया गया था, जिसमें गोबर की छान, लकड़ी, पत्थर आदि डालकर अतिक्रमण किया गया था। इन अतिक्रमणकर्ताओं को भी नोटिस जारी कर मुनादी की गई। जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रवर्तन प्रकोष्ठ ने



जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अतिक्रमण हटाया और सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त किया।

# गरीब व वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कटिबद्ध रहे विभागीय अधिकारी : राज्यपाल बागडे

## राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि गरीब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी हमेशा कटिबद्ध रहे। जिले के अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को विकास कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करें। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को दो दिवसीय ब्यावर दौरे के दौरान श्री सीमेंट परिसर में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त आमजन को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं गांव, गरीब लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें तेजी से प्रगति लाना सुनिश्चित करें। राज्यपाल श्री बागडे ने समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति हो। कोई भी व्यक्ति इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे इसके लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धजन, एकल नारी, विशेष योग्यजन सहित अन्य जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित मिलती रहे। इससे पूर्व ब्यावर श्री सीमेंट परिसर में राज्यपाल के आगमन पर संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा, रेंज आईजी ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया एवं पुलिस दल ने राज्यपाल को सलामी दी।

बैठक में जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्यपाल को ब्यावर जिले के भौगोलिक परिदृश्य, इतिहास एवं विभागीय प्रगति की योजनाओं से अवगत करवाया ।

### राजस्थानी परंपरा से किया स्वागत

संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, रेंज आईजी ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने राज्यपाल श्री बागडे का राजस्थानी परंपरा के अनुरूप शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल व प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, एडिशनल एसपी भूपेंद्र शर्मा, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे।

# आखिर अबला बालिका के जिस्म के साथ खिलवाड़ करने वाले तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर क्यो ?

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** गत दिनो पेट्रोल व तेजाब व्यवसायी द्वारा एक बालिका की अस्मत लूटने के मामले मे दर्ज करायी गई एफआईआर पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई जबकि तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी द्वारा देर रात्री मे सीधे थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद दो दिन के भीतर बालिका को बजाय अपनी कुछ कहने के हनीट्रेप मामला बनाकर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। इतना ही नहीं उस बालिका से ना तो कोई पूछताछ हुई और ना ही किसी तरह के बयान दर्ज किये गये। बालिका की अस्मत लूटने वाले तेजाब व पेट्रोल व्यवायी आज भी खुले आम घूम रहा हैं।

जानकारी के अनुसार लगभग एक पखवाडा पूर्व तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी ने अपने यहां नौकरी पर रखने के लिये लडके व लडकियों की वेकेन्सी निकाली थी। जिसमे पीडित बालिका ने अपनी मजबूरी को देखते हुये तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी के व्हाट्सअप पर आये नं. पर बात कर कार्य की जानकारी ली और उसकी ऐवज मे कितनी राशि दी जाये इसके बारे मे पूछा। लेकिन तथाकथित तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी ने बजाय बालिका को नौकरी देने के उसके नं. पर चैटिंग करना शुरू कर दिया। बालिका को बार-बार चैटिंग के दौरान परफ्यूम, कपडे व कार मे घुमाने के लालच देता रहा। लेकिन बालिका एक ही बात पर अडी रही कि मुझे मेरे मेहनत का पैसा चाहिये ना कि अन्य कोई पैसा। तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी ने बालिका की मजबूरी को समझते हुये कई बार पैसे के लिये भी लालच दिया। आखिरकार एक दिन बालिका के निवास का पता पूछ और उसके बायोडेटा लेने के नाम पर घर पहुंच गया। जहां उसने ना केवल उस बालिका के साथ अत्याचार किया बल्कि उसके जिस्म को भी लूटने का प्रयास किया।

पुलिस ने ऐसे हवस के दरिंदे को उठाना तो मुनासिब नही समझा लेकिन एक अबला बालिका जो अपने परिवार से दूर रहकर नर्सिंग कोर्स कर रही थी, अपने पैरो पर खडा होना चाहती थी उसकी अस्मत को लूटने का पूरा-पूरा प्रयास उसी तेजाब व पेट्रोल व्यवसायी ने किया। ब्यावर पुलिस ने भी इतनी तेजी व फुर्ती दिखाई कि आखिर हनीट्रेप मामले मे बालिका को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके विपरीत मामले मे न्यायालय से जो आदेश मिले उस पर तो किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की। क्या उस बालिका की रिपोर्ट मे उस हवस के दरिंदे की गिरफ्तारी नहीं बनती ? क्या पुलिस बालिका की रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं करना चाहती और यदि चाहती है तो इतना समय क्यों लगा रही है ? चूंकि उस अबला बालिका के पास ना तो पैसा है और ना ही जेक हैं। पुलिस की इस कार्यवाही को लेकर ना केवल सवालिया निशान लग रहे है बल्कि ब्यावर पुलिस की छवि पर भी प्रश्नचिन्ह अंकित हो रहा है।

# सीएलजी बैठक संपन्न, व्यापारी संगठन अपने स्तर पर रखेंगे प्राइवेट गार्ड

### मीटिंग में एएसपी, डीएसपी व व्यापारी रहे मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना,( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** कोतवाली थाना परिसर में मंगलवार शाम एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत और डिप्टी एसपी कृष्णा राज जांगिड़ की मौजूदगी में सीएलजी सदस्यों की यह बैठक हुई। बैठक में सर्दियों में चोरी की घटनाएं बढ़ने की संभावना को देखते हुए व्यापारिक संगठनों के सहयोग से बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से रात को गश्त के लिए प्राइवेट गार्ड रखने पर चर्चा हुई। इसके लिए पूरे बाजार के 8-10 ब्लॉक बनाकर व्यापारिक संगठनों से अपने स्तर पर गार्ड रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक-दो दिन में अपनी ओर से गार्ड की व्यवस्था कर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को सूचित करने का भरोसा दिलाया। बैठक में एएसपी कुमावत ने कहा कि गश्त के दौरान पुलिसकर्मी फ्रंट मोर्चे पर रहेंगे। व्यापारियों को केवल व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग और सुझाव अपेक्षित है। पुलिस अफसरों ने व्यापारियों से अपनी दुकानों के बाहर लगी लाइटों को रात के समय जलाए रखने की अपील भी की। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर भी जोर दिया। सीसीटीवी कैमरों के लिए व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से सहयोग की भी उम्मीद जताई। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध लोगों की तुरंत सूचना देने और पॉवर रेसिंग व मॉडिफाइड साइलेंसरों की बाइकों के बारे में जानकारी करने की बात कही। बैठक में सीएलजी सदस्यों ने ब्रह्मबाद रोड पर पेट्रोल पंप के पास एक खेत में शराब गोदाम से अवैध रूप से शराब बिक्री की शिकायत की।

# भारत विकास परिषद की की तीन नवीन शाखाएं वात्सल्य, पद्मिनी व आदित्य का दायित्व ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** संस्कार के विविध प्रकल्पो जैसे राष्ट्रीय समुह गान प्रतियोगिता,भारत को जानो प्रतियोगिता, संस्कृति सप्ताह ,नव संवत्सर कार्यक्रम, योग, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आदि भारत विकास परिषद द्वारा वृहद स्तर पर जन चेतना के कार्य किए जाते हैं। उदयपुर जिला समन्वयक राकेश नंदावत के बताया कि दयित्व ग्रहण कार्यक्रम के समारोहाधिपति गौतम दक सहकारिता मंत्री, मुख्य अतिथि डी डी शर्मा राष्ट्रीय मंत्री भारत विकास परिषद, कार्यक्रम अध्यक्ष गिरीश पानेरी, सम्मानित अतिथि जय राज् आचार्य थे। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक तारा चंद जैन एवं उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा थे।अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर मल्यार्पण किया । समन्यक राकेश नंदावत ने आव्हान किया कि पूरे देश को भारत विकास परिषद अपने कार्यकर्ता के माध्यम से कुपोषण मुक्त करने कार्य प्राथमिकता से करेगी।सहकारिता मंत्री गौतम दक ने उद्बोधन में कहा की सु संस्कृत नागरिक का निर्माण करने के लिए भारत विकास परिषद जैसी संस्थाओं का होना आवश्यक है। ये समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहकर उनके सदस्य कार्य करते हैं। सभी को भारत विकास परिषद से जुड़ने का आह्वान किया। शिल्पा पामेचा के अनुसर मुख्य अतिथि शर्मा ने तीन शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को सदस्य को चार्टर प्रदान किया। और दायित्व ग्रहण करवाया।

वात्सल्य शाखा से गजेंद्र सुराणा अध्यक्ष, ललित चौधरी सचिव, अशोक कूकड़ा को कोषाध?यक्ष एवं राजस्थान की पहली महिला शाखा के रूप में शिल्पा पामेचा को अध्यक्ष, सचिव बलदीप शर्मा ,कोषाध्यक्ष सोनिका चौहान ने पद्मिनी शाखा तथा शुभम् गाँधी अध्यक्ष, ईशान जायसवाल सचिव एवं दुष्यन्त शर्मा कोषाध्यक्ष ने अद्वितीय शाखा का कार्यभार ग्रहण किया शांतिलाल गोदलिया द्वारा वंदे मातरम गायन किया। संचालन आलोक पगारिया ने किया व प्रशांत व्यास ने धन्यवाद दिया।अंत में जन गण मन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।यह जानकारी मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने दी।




# विश्व एड्स जागरूकता विषय पर श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना संगोष्ठी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में मंगलवार को रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुंक्त तत्वाधान में विश्व एड्स जागरूकता विषय पर संगोष्ठी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचसी के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जसवंत धाकड़ तथा विशिष्ट अतिथि नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश छाबड़ी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. बरखा तोमर ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ धाकड़ ने छात्राओं को बताया कि एड्स रोग एचआईवी वायरस के कारण होता है। एचआईवी शरीर की टी-कोशिकाओं को नष्ट करके प्रतिरक्षा प्रणाली को तब तक कमजोर करता है जब तक कि व्यक्ति छोटी-मोटी बीमारियों तक से भी लड़ने में असमर्थ नहीं हो जाए। एड्स के कारण तेजी से वजन कम होना, अत्यधिक थकान, बुखार, रात में पसीना आना आदि लक्षण सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए कई प्रकार के जागरूक कार्यक्रम आयोजित कराए जाते है। एड्स से पीड़ित व्यक्ति को हीन भावना से देखने के बजाय उचित उपचार के साथ बीमारी से लड़ने का हौंसला बढ़ाये जाने की जरूरत है। क्योंकि एड्स असुरक्षित यौन संबंधों के अलावा संक्रमित व्यक्ति के रक्त के संपर्क के माध्यम से (टैटू बनवाना, गंदे सुई, रेजर या टूथब्रश साझा करने, संक्रमित रक्त चढ़ाने से भी हो सकता है। इस अवसर पर हुई निबंध प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, रश्मि द्वितीय व हर्षिता तिवारी तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तपस्या सिंघल, बबली, लक्ष्मी तथा भाषण प्रतियोगिता में आयुषी, सपना, शिवानी अव्वल रहीं। इस मौके पर रेड रिबन क्लब इंचार्ज डॉ. भरत कुमार, एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. कुमार गौरव, लक्ष्मण सेजवाल, अविनाश गुप्ता, विष्णु गोयल सहित कॉलेज की छात्राएं मौजूद रहीं।

# तीन मकानों से लाखों के जेवरात-नकदी ले गए चोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस कमिश्नरेट की कमजोर गश्त व्यवस्था का चोर जमकर फायदा उठा रहे है। चोर तीन सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नकदी ले गए। पुलिस के अनुसार जादौन नगर निवासी संजय कुमार जैन ने बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने चांदी के जेवरात व नकदी ले गए। घटना का पता पीडित को वापस लौटने पर लगा। इस पर पीडित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य लेकर जांच शुरू करदी है। दूसरी घटना में लालरपुरा निवासी रमेश चंद ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ गणपतपुरा शादी में गया था। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नकदी व जेवरात ले गए।

घटना का पता उसे घर लौटने पर लगा। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। चोर मकान से सीसीटीवी डीवीआर, तीन महंगी घडियां, महंगे जूते, चांदी की दो चैन, चटकी, मुदडी, 12 हजार रुपए और ज्वैलरी ले गए। पडौसी के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में तीन बदमाश नजर आ रहे है जिन्होनें नकाब बांध रखा था।

# 'आप' ने की न्यायालय के पास मिनी सचिवालय बनाने की मांगी




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )** ।आम आदमी पार्टी ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुये पूर्व की भाति मिनी सचिवालय के साथ ही जिला न्यायालय को रखने के सम्बन्ध मे सिफारिश की हैं। आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि नवसृजित ब्यावर जिले के गठन व विस्तार के बाद विभागो का जमीन आवंटन का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके तहत पूर्व जिला कलेक्टर महोदय द्वारा मिनी सचिवालय को विजयनगर रोड सेंट्रल जेल के आगे न्यायालय बाबत चिन्हित जमीन के लगते हुये चयनित किया गया था और यह तर्क दिया गया था कि कलेक्टर के अतिरिक्त जिले स्तर के सभी कार्यालय मिनी सचिवालय मे होंगे व इसके साथ लगते न्यायालय परिसर भी होगा, जिससे आमजन को कम से कम असुविधा हो। आम आदमी पार्टी के ज्ञापन मे बताया कि मिनी सचिवालय बाबत अजमेर रोड स्थित दौलतपुरा बलाईयान मे 18 बीघा जमीन खसरा नं 599/159 मे आवंटित कर दी गई है। ऐसे मे नया बनने वाला जिला न्यायालय मिनी सचिवालय के साथ ना होकर उससे काफी दूर बनाया जायेगा। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पडेगा। अनावश्यक ही आर्थिक बोझ, समय व श्रम खर्च होगा। इसके साथ शहर मे ट्रेफिक भी बढ जायेगा। इस सब को लेकर स्थानीय लोगो मे रोष जताया जा रहा हैं।

# खुली जेल से भागा हत्या का मुल्जिम

**जयपुर ( का.स. )।** हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी सांगानेर खुली जेल से फरार हो गया। जेल प्रहरी ने इस सम्बंध में मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार धोरीमन्ना बाड़मेर निवासी मनोहर लाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह सांगानेर खुली जेल में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत है। 1 दिसम्बर को उदयपुरवाटी झुंझुनूं निवासी जीवन राम मेघवाल रोल कॉल पर गया था। शाम को वह रोल कॉल पर नहीं लौटा। बंदी के फरार होने पर उसने थाने को सूचना दी।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा 2024 परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आयोजित हो रही राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा 2024 परीक्षा केंद्र हंस पीजी कॉलेज कोटपुतली का निरीक्षण अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने परीक्षा केंद्र पर विभिन्न सुरक्षा पहलुओं का मुआयना करते हुए 1-3 दिसंबर तक विभिन्न पारीयों आयोजित होने वाली परीक्षा को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के निर्देश परीक्षा केंद्र पर प्रभारी को दिए। श्री सहारण ने कहा कि राज्य सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन को लेकर बेहद संवेदनशील है इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए इसके लिए जिला स्तर पर विजिलेंस टीम का घटन किया गया है.


# कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जिला खण्ड, जमवारामगढ़ जयपुर

क्रमांक:-1198-1209 दिनांक - 26/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/2024-25 प्रकाशन बाबत।**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से सिविल कार्य (एक) अनुमानित राशि रू. 343.01 लाख (मय डीएलपी अवधि) के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 07.12.2024 सांय 6.00 बजे तक ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan gov in / tenders. asp, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.
PWD2425WSOB10895, PWD2425WSOB10897, PWD2425WSOB10899
PWD2425WSOB10900, PWD2425WSOB10901, PWD2425WSOB10902
PWD2425WSOB10903

DIPR/C/12044/2024

अधिशाषी अभियन्ता
सा0नि0वि0 जिला खण्ड
जमवारामगढ़ ( जयपुर



# कार्यालय उप वन संरक्षक, टोंक

जखीरा नर्सरी परिसर, सवाई माधोपुर रोड, टोंक दूरभाष नं. 01432-254479 Email: dcf.tonk.forest@rajasthan.gov.in

क्रमांक एफ ( ) स्टोर / उवस / 2024-25 / 82658271, 8277 दिनांक - 27/11/24

**NOTICE INVITING TENDER**

Tenders are invited from eligible contractors/firm for various forestry works at Range Tonk - Tonk District as following:

| क्र.सं. | UBN Number | NIB Code | Estimate Cost | Start Date | End Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FOR2425WSOB02028 | FOR2425A1477 | 18.00 Lac. | 27-11-2024 | 09-12-2024 |
| 2. | FOR2425WSOB02033 | FOR2425A1480 | 17.59 Lac. | 27-11-2024 | 09-12-2024 |
| 3. | FOR2425WSOB02037 | FOR2425A1483 | 6.69 Lac. | 27-11-2024 | 09-12-2024 |

Tenders can be seen and downloaded at www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

उप वन संरक्षक
टोंक

## सम्पादकीय

### सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा, निष्कर्षों को अमल में लाने के ठोस उपाय

भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृहमंत्री और प्रधानमंत्री का शामिल होना इस सम्मेलन की महत्ता को रेखांकित करता है। इसकी पुष्टि इस सम्मेलन में आतंकवाद, नक्सलवाद, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और खालिस्तान समर्थक समूहों की गतिविधियों के अतिरिक्त आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अन्य विषयों पर गहन चर्चा से भी होती है। इस सम्मेलन में तीन दिनों तक विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा के निष्कर्षों को अमल में लाने के ठोस उपाय करने से ही आंतरिक सुरक्षा को बल मिलेगा। वर्तमान में आंतरिक सुरक्षा के समक्ष कई मोर्चों पर गंभीर चुनौतियां खड़ी होती हुई दिख रही हैं। यह अच्छा है कि इस सम्मेलन में साइबर अपराधों पर भी गंभीर चर्चा की गई, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि साइबर अपराध बढ़ते ही चले जा रहे हैं। साइबर अपराधी जिस तरह संगठित होकर काम करने लगे हैं, वह सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। यह कहने में संकोच नहीं होना चाहिए कि फिलहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियां साइबर अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही हैं। यह ठीक है कि साइबर अपराधों के प्रति लोगों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है, लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को साइबर अपराधियों के दुस्साहस का दमन भी करना होगा। अभी ऐसा नहीं हो पा रहा है।

## दु:ख का बीज



हम ने अगर किसी को दु:ख देने का जरा सा भी भाव पैदा कर लिया तो समझ लो कि हम अपने लिए बीज हो रहे हैं,क्योंकि दु:ख देने का भाव का बीज तो हमारे मन की भूमि पर ही गिरा हुआ है , किसी दूसरे के मन की भूमि में नहीं गिरा हुआ। बीज तो हमारे भीतर ही लग गया, अंकुर भी हमारे भीतर ही फूटेगा,पौधा भी हमारे भीतर ही बनेगा और वह वृक्ष भी बनेगा, बड़ा पेड़ भी बनेगा, फ्ल भी आएंगे और हमें ही वह फ्ल भोगने होंगे। अंतरंग भाव से समझो तो देखिए जिस दिन हम दूसरों को दु:ख देने का प्लान मानते हैं उसी दिन से दु:ख पाना शुरू कर देते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी समझिए, जब हम क्रोधित हैं,दूसरे को नष्ट कर देना चाहते हैं दूसरा नष्ट हो या ना हो हमारा खुद का तिल-तिल नष्ट होना शुरू हो जाता है। क्रोधित व्यक्ति का ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) का यदि अपन निरीक्षण करें तो पता चलेगा कि क्रोध ने ब्लड प्रेशर कहां का कहां पहुंचा दिया । क्रोध करने वाले का बीपी हाई है लेकिन जिस पर क्रोध कर रहा है वह आनंद के साथ मुस्कुरा रहा है। यानि बीज हमारे भीतर की भूमि पर गिर गया है और चाहे खेत की भूमि उपजाऊ हो ना हो हमारी भूमि भयंकर उपजाऊ है। ये क्षण भर में अपना रंग दिखाती है देख लीजिए अधिकतर सुबह धार्मिक स्थलों पर में जाने वाले भक्त शाम होते ही दारू के ठेके पर पहुँच जाते हैं क्योंकि सुबह राम नाम का बीज अंकुरित होता है शाम तक भूमि रावण के बीज को अंकुरित कर ड़ालती है। क्योंकि धार्मिक स्थलों पर जाने वाले दस मिनट से कोई खास असर नहीं होता क्योंकि मनुष्य को तो दिन भर तो झूठ,पाखंड, फरेब और कपट के वस्त्र पहन कर ड्रामा करना पड़ता है।

-रूपक शर्मा ,बढ़ता राजस्थान

# क्या टीएमसी, सपा और आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से किनारा करना चाहती है ?

**अशोक भाटिया**



सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। हालांकि उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदारद रहे। इसकी आशंका पिछले शुक्रवार को ही हो गयी थी, जब चार दिन तक अडानी प्रकरण को लेकर संसद संसद का कामकाज बाधित रहा। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को पहले ही पार्टी ने अपने रुख से अवगत करा दिया था।

इस प्रकरण से कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाए गए इंडिया गठबंधन में बिखराव देखने मिल रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कई मुद्दों को लेकर विपक्षी गठबंधन में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस चाहती है कि गौतम अडानी और ईवीएम के मुद्दे को सदन में उठाया जाए तो वहीं कई दल चाहते हैं कि ऐसे मुद्दों को सदन में उछाला जाए, जिसका जनता से सीधा सरोकार हो।

सूत्रों ने कहा कि जब केवल कॉरपोरेट को लाभ होता है और चुनावी प्रक्रिया में खामियां हैं और विकल्पों को नकार दिया जाता है, तो यह लोगों का मुद्दा कैसे नहीं हो सकता है। इस बैठक में इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्य तृणमूल कांग्रेस ने हिस्सा न लेना ही एक बड़ा मुद्दा बन गया है । तीसरी बार बैठक में भाग न लेने वाली पार्टी का कहना है कि यह स्पष्ट हैं कि हम लोगों के मुद्दों पर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं।टीएमसी के मुताबिक, क्रोनी कैपिटलिज्म और ईवीएम जैसे मुद्दे लोगों को पसंद नहीं आते। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, उन इलाकों को देखिए जहां राहुल गांधी ने प्रचार किया है। अगर उन्होंने जो कहा वह लोगों के लिए मायने रखता तो कांग्रेस क्यों हारी? वहीं, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (एसपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगी दल कांग्रेस के ईवीएम और क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रति जुनून को लेकर उत्साहित नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो' की तर्ज पर 'ईवीएम जगाओ यात्रा' की योजना बनाई है और इंडिया ब्लॉक पार्टियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, उनमें से अधिकांश ने बहुत कम रुचि दिखाई है। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि क्या यह यात्रा उन राज्यों से होकर गुजरेगी जहां कांग्रेस ने चुनाव जीता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया है।

टीएमसी का साफ कहना है कि उनकी पार्टी के सांसद जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं जिनमें- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही सपा चाहती है कि इन मुद्दों के साथ-साथ संभल हिंसा को भी जोड़ दिया जाए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा भी कि हमारे लिए अडानी से बड़ा मुद्दा किसान हैं और संभल हिंसा है।

इंडिया गठबंधन ब्लॉक में विभाजन के पीछे असली राजनीति भी छिपी है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में यह स्पष्ट है कि आप और कांग्रेस सहयोगी नहीं होंगे। बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस कभी एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते। यूपी में अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। दरअसल गठबंधन में शामिल दलों के अपने अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस सिर्फ अडानी प्रकरण पर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश में लगी है। अन्य दलों को अब लग रहा है कि वे अपने मुद्दे को कांग्रेस के कारण सदन में नहीं उठा रहे हैं। सपा अपना फोकस यूपी पर करना चाहती है, लेकिन सदन नहीं चलने के कारण संभल सहित प्रश्न पत्र लीक प्रकरण को वह अब तक नहीं उठा पायी है। राजद भी बिहार से संबंधित कई मुद्दों को संसद में उठाना चाह रहा है। यही हाल डीएमके का भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन सांसदों के सामने है, जो अब तक अपना मेडन स्पीच भी संसद में नहीं दे पाये है। पहली बार चुनकर आये कई सांसदों ने अपने-अपने दल के नेताओं से अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

कांग्रेस के कई सांसद भी यह मानने लगे हैं कि संसद न चलने का ज्यादा नुकसान उन्हें ही हो रहा है। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का समय उनके हाथ से निकल रहा है।क्योंकि सरकार से कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है और सरकार आंकड़ों में हेर-फेर कर सदन के बाहर देश को गुमराह कर रही है। जबकि संसद में सरकार की ओर से कोई आंकड़ा दिया जाता है, तो सरकार को उसके लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सोमवार को जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी, तो संविधान पर चर्चा भाग न लेने का विकल्प विपक्ष के पास नहीं था। कांग्रेस लोगों के बीच यह संदेश नहीं देना चाहती कि संविधान की रट लगाने वाले पार्टी संविधान पर होने वाली चर्चा में भाग लेने से पीछे हट रही है। यही कारण रहा कि संविधान पर चर्चा को लेकर सभी दलों ने हामी भरी, लेकिन संसद के सुचारू संचालन में अभी कई बाधाएं है, जिसे दूर करने की जरूरत होगी।

कुछ कांग्रेस सांसद तो अब यहां तक कहने लगे है कि प्रियंका गांधी के लोकसभा में आने से रणनीति में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके मुताबिक प्रियंका ज्यादा प्रैक्टिकल हैं, वे वायनाड में भी जनता के ही मुद्दों पर फोकस कर रही थीं, ऐसे में यहां भी उनकी प्राथमिकता ऐसी ही देखने को मिल सकती है। अब समझने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कई सांसदों में रोष है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ जाने की हिम्मत किसी में नहीं।

यह बात अब जगजाहिर हो चुकी है कि राहुल गांधी के लिए अडानी मुद्दा सबसे ज्यादा प्रिय है, वे इसी के सहारे चुनावों में उतरते हैं और सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हैं। संसद में भी वे सिर्फ इसी मुद्दे के दम पर केंद्र को पूरी तरह आइसोलेट करना चाहते हैं। लेकिन अब जब सदन कई दिनों से नहीं चल पा रहा है, कांग्रेस के ही सांसद मानने लगे हैं कि इस तरह से संसद को बाधित रखना ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार की जवाबदेही तय करना और ज्यादा मुश्किल हो जाएगा। उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर इन्डिया अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को इन्डिया ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।

टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, %कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें सताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**वृष**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**मिथुन**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**कर्क**
पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। आज कोई नया काम शुरू ना करें।

**सिंह**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्रासि के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**कन्या**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**तुला**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी। आपका

**वृश्चिक**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**धनु**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**मकर**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**कुंभ**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आज कोई नया काम शुरू

**मीन**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा। आज धन का व्यय अधिक होगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**



श्री आशुतोष ए.टी. पेडणेकर
(भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आशुतोष ए.टी. पेडणेकर। अजब सी ऊर्जा से लबरेज इस अधिकारी की क्या बात कहें। अलवर में जिला कलक्टर रहते हुए अनेकों नवाचार किए जोकि मील का पत्थर साबित हुए हैं। फिर वो चाहे पर्यटन स्थलों को जीर्ण होनें से बचाने का हो या फिर अलवर वाहिनी जैसे बड़े स्तर के कार्यक्रम को जमीन पर लाना हो इसके सारे प्रयास सफल रहे और एक सफल डीएम के रूप में अलवर की जनता उन्हें जानती रही है। आज भी उनका नाम बड़े गौरव के साथ लिया जाता है। 28 जून सन 977 को गोआ में जन्में आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने विकास प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा कर सिविल सर्विसेज में जॉईन किया और आज शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग एवं स्टेट मिशन निदेशक, आजिवि?का परियोजनाएँ एवं स्वयं सहायता समूह, जयपुर जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड एवं अध्यक्ष, राजस्थान अक्षय उर्जा निगम, जयपुर। शासन सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग एवं आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर। शासन सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान जयपुर। शासन सचिव उद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एवं राजकीय उपक्रम एवं दिल्ली.मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर एवं विशेषाधिकारी, भिवाड़ी इन्टीग्रेटेड विकास प्राधिकरण एवं शासन सचिव, विनियोजन एवं अप्रवासी भारतीय एवं निवेश संवर्धन ब्यूरो एव प्रबन्ध निदेशक, रीको एवं पदेन आयुक्त, डीएमआईसी राजस्थान, जयपुर। प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम रीको एवं पदेन आयुक्त, दिल्ली.मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर। प्रबन्ध निदेशक, रीको जयपुर। शासन सचिव, पंचायतीराज एवं आयुक्त, पंचायतीराज एवं शासन सचिव आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान, जयपुर। शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राजस्थान, जयपुर। आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग,राजस्थान जयपुर। आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान, जयपुर। निदेशक, पर्यटन विभाग एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम राजस्थान, जयपुर। निदेशकए पर्यटन विभाग, राजस्थान जयपुर। आयुक्त, नगर निगम जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं आयुक्त, नगर निगम जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अलवर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर।

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बूंदी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, धौलपुर।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम कोटा। उप शासन सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, घड़साना गंगानगर। उपखण्ड अधिकारी, थानागाजी अलवर रहे। बेहद शानदार अधिकारी है आशुतोष ए.टी. पेडणेकर । दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

- फ्रांस के रसायन शास्त्री बर्टले का 1748 में जन्म हुआ।
- वायसराय लॉर्ड विलियम बैन्टिक ने 1829 में सती प्रथा समाप्त की।
- गोवा के मारगाव के अगस्टिनो लॉरेंसो ने 1860 में पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि लेने वाले पहले भारतीय बने।
- इतिहासकार रमेश चंद्र मजूमदार का 1888 में जन्म।
- इंग्लैंड में स्मॉग की 1952 में घनी परत के छा जाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी।
- दक्षिणी अमरीका में ऐटलांटिक महासागर में स्थित बरमूदा द्वीप के बारे में 1952 में अमरीका, ब्रिटेन और फ़्रांस की तीन पक्षीय कॉन्फ़ेन्स आरंभ हुई।
- भारत और नेपाल के बीच 1959 में गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच खराब होते हालात के मद्देनजर आपात सत्र बुलाया।
- भारतीय नौसेना ने 1971 में पाकिस्तान नौसेना और कराची पर हमला किया।
- मिस्र के विरुद्ध 1977 में अरब मोर्चा गठित।
- हिजबुल्ला आतंकवादियों ने 1984 में कुवैत एयरलाइन के विमान का अपहरण कर चार यात्रियों की हत्या की।
- सं.रा. अमेरिका डेविस कप 1995 में चैंपियन बना।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान 'मार्स पाथफ़ाउंडर' प्रक्षेपित किया।
- अशोक गहलोत 2003 में विधानसभा क्षेत्र से 12वीं राजस्थान विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए।
- पेरू की मारिया जूलिया मांतिला गार्शिया को मिस वर्ल्ड 2004 चुना गया।
- फिलीपींस के एक गाँव में 2006 में आये तूफ़ान के बाद ज़मीन धंसने से लगभग एक हज़ार लोगों की मौत।
- प्रसिद्ध इतिहासकार रोमिला थापर को 2008 में क्लूज सम्मान के लिये चुना गया।
- सीरिया में 2012 में हुए मोर्टार हमले में 29 लोगों की मौत।

### 4 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- इतिहासकार रमेश चंद्र मजूमदार का जन्म 1888 में हुआ।
- प्रसिद्ध साहित्यकारों में से एक विद्याभूषण विभु का जन्म 1892 में हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय भौतिक वैज्ञानिक श्रीनिवास कृष्णन का जन्म 1898 में हुआ।
- भारत के आठवें राष्ट्रपति रामस्वामी वेंकटरमण का जन्म 1910 में हुआ।

**विशेष आलेख**

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने



**डॉ. आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई ज़मीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनज़र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई ज़मीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के ख़िलाफ़ पूरे हिंदू समाज की एकता पर ज़ोर दिया गया था।

बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ़ हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।

मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े , क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।

सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।

दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी- भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए बटेंगे तो कटेंगे नारे का इस्तेमाल किया।

आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### खाद वितरण में मनमानी और बदनियति के बीच गरीब किसान हो रहे हैं परेशान

# सहकारी समिति के गोदाम में तीन दिन पहले पहुंच चुके खाद के कट्टे, किसानों को वितरण नहीं करने में बना रहे हैं बहान

## मंगलवार को क्रय-विक्रय सहकारी समिति कार्यालय से पूरी तरह नदारत रहे अधिकारी एवं कर्मचारी

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** सरकार चाहे लाख जतन कर लेवे मगर गरीब किसानों के हित के लिए बनाई गई योजना का लाभ तब तक गरीब किसान को आसानी से प्राप्त नहीं होगा जब तक भ्रष्ट नीति पर अंकुश लगाने की कवायदे शुरू नहीं की जाएगी । तब तक गरीब किसान सरकार से मिलने वाली मदद और योजनाओं को प्राप्त करने के लिए परेशान ही होते रहेंगे । ऐसा ही एक मामला मंगलवार को देवली क्रय विक्रय सहकारी समिति कार्यालय का सामने आया है । इस गोदाम में खाद के कट्टे तो पड़े हैं लेकिन उन्हें वितरण करने में आनाकानी की जा रही है। यहां देखने वाला मामला तो यह सामने है कि मंगलवार सुबह कई किसान खाद नहीं मिलने की परेशानी को लेकर कार्यालय के बाहर बैठे रहकर खाद मिलने का इंतजार करते रहे हैं। लेकिन उन्हें खाद दिए बिना ही निराशा लौटा दिया गया है। किसानों ने बताया कि वे सोमवार से खाद के लिए कार्यालय पर भटक रहे हैं। लेकिन कार्यालय में

**सोमवार और मंगलवार को सहकारी समिति के बाहर खाद के कट्टे लेने के लिए पहुंचे किसानों को नहीं मिला खाद**

बैठने वाले अधिकारियों की मनमानी और भ्रष्ट नीति की वजह से समय रहते किसानों को खाद के कट्टे वितरण नहीं किये जा रहा है। इस मामले में अधिकारी एवं कर्मचारियों की मनमानी साफ तौर पर दिखाई पड़ी है वह इसलिए की मंगलवार को कार्यालय में एक चपरासी के अलावा कोई ओर कर्मचारी, अधिकारी मौजूद नहीं थे । यहां कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कक्ष से पूरी तरह नदारत दिखाई दिए । यहां मौजूद एक संविदा कर्मी ने बताया कि किसानों को खाद के कट्टे वितरण करने वाले कर्मचारी की तबीयत खराब होने की वजह से खाद वितरण नहीं हो रहा है।






इस मामले को लेकर जब कार्यालय के कार्यरत सीताराम नामक एक कर्मचारी से फोन पर बात हुई तो उक्त कर्मचारी ने बताया कि वह फिलहाल अवकाश पर चल रहे हैं। तो वही कर्मचारी किशन लाल की तबीयत इन दोनों खराब चल रही है। तो वही मैनेजर अमित पटोलिया के पास अतिरिक्त चार्ज होने के कारण वह टोंक बैठते है। तथा कंप्यूटर ऑपरेटर दिनेश कुमार परीक्षा देने गए हुए हैं। इस मामले में सीताराम का यह भी कहना है कि जिस कंपनी से खाद के कट्टे गोदाम पहुंचे हैं उनके नंबरों की सूची फिलहाल कार्यालय को प्राप्त नहीं हुई है। जो मंगलवार की शाम तक आना बताया है। इस मामले में नाम नहीं छापने की शर्त पर एक किसान ने संवाददाता को बताया कि कार्यालय में बैठने वाले कुछ कर्मचारी गरीब किसानों को समय रहते खाद वितरण नहीं करने की बद नियति बना रखी है।

उल्लेखनीय है कि गरीब किसानों को समय रहते खाद नहीं मिलने से फसल बुवाई का समय निकल रहा है जिससे किसानों को फसल में नुकसान होने की संभावनाएं व्याप्त हो रही है। ऐसे में अपनी फसल को बचाने के लिए किसान अन्य क्षेत्र से मनमाने दाम पर भी खाद खरीदने पर मजबूर हो रहा है। ऐसे में यहां बने ऐसे हालातो पर सहकारी समिति कार्यालय में मौजूद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कैलाश चंद्र मीणा ने यह भी बताया कि वर्तमान समय पर यहां क्रय विक्रय सहकारी समिति के अधिकांश कर्मचारी सेवानिवृत्ति हो चुके हैं। जिन्हें स्टाफ के अभाव में पुन संविदा पर लगा रखा है। यहां किसानों को खाद वितरण नहीं होने के मामले की जानकारी उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा को दी गई इस पर उन्होंने अपने आप को वि ,सी में व्यस्त बताया एवं मामले को दिखाने की बात कही । फिर भी किसानों को खाद वितरण नहीं हो सका।

## महाविद्यालय में दिव्यांग दिवस मनाया



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** सरस्वती विधा आश्रम समिति द्वारा संचालित सरस्वती विशेष विद्यालय एवं सरस्वती विशेष महाविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को 3 छ्रश्वष्ट को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग व्यक्ति दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मंजू शर्मा एवं सह निदेशक हेमलता शर्मा द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा के समुख दीप प्रज्वलित से की गई । कार्यक्रम में विशेष महाविध्यालय के छात्राध्यापक -छात्राध्यापिकाओं द्वारा दिव्यांगता अभिशाप नहीं है सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी गई । इसमें नाटक के माध्यम से दिव्यांग बालकों की पीड़ा को बताया गया तथा विशेष महाविद्यालय के छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं ने विभिन्न कविता, भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए । इस दिन का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के प्रति जागृत बढ़ाना हैं । इस दिन का मुख्य उद्देश्य हैं कि हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए, तथा विकलांगता से जुडी समस्याओं के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा भेद-भाव को समाप्त करना हैं । कार्यक्रम में विशेष शिक्षक मनोज शर्मा, रवि शर्मा, सुफियान अली, रजत, सीताराम, गोपेश भारद्वाज, कुलदीप योगी उपस्थित रहें ।

## आवंटित कार्यों का निर्वहन समयावधि में करें : शुभम

### सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक 'हर घर खुशहाली' थीम पर जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुई ।जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए विभागवार आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंन सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्वों का निवर्हन निर्धारित समयावधि में किया जाना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति व विकास कार्यों पर विभागीय प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए ।जिला दर्शन पुस्तिका के लिए विभागीय प्रगति, सफलता की कहानी, कार्यों की प्रगति पर लेख, पंच गौरव तथा जिले के पर्यटन क्षेत्रों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी जनसंपर्क अधिकारी को देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल को विद्युत समस्याओं का तत्काल निराकरण के साथ-साथ रबी के मौसम में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ-साथ ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक में सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बी.एस. मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## टेंडर प्रक्रिया पूरी, अप्रूवल मिलने के साथ ही जल्द शुरू होगा काम

### 101 करोड़ रुपए की लागत से होगा बनास नदी पर पुलिया का निर्माण कार्य

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** नव वर्ष में चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में बनास पुलिया पर नया पुलिया निर्माण शीघ्र चालू हो सकता है इस संबंध में उच्चाधिकारियों की अप्रूवल का इंतजार है! के अनुसार चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ मार्ग के बीच पड़ने वाली बनास नदी पर 101 करोड़ की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य करवाया जाएगा, इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा अप्रूवल मिलने के साथ ही जल्द काम शुरू हो सकेगा, जिससे लोगों को बारिश के दिनों में होने वाली समस्या से निजात मिल सकेगी। गौरतलब है कि एक साल पहले बजट घोषणा में बनास नदी पर पुलिया बनाने की घोषणा की गई थी। ऐसे में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कार्य भी शुरू होगा।

**पुलिया बनने से लोगों को मिलेगा फायदा :** उल्लेखनीय है कि चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ एवं जयपुर जाने के लिए वाहन चालकों को देवली के पास बनास नदी से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में बनास नदी पर बनी रपट की ऊंचाई काफी कम होने से बारिश के दिनों में इसके ऊपर होकर पानी आ जाता है। जिसके चलते सड़क के दोनों और वाहन रुक जाते हैं। पिछले कई सालों से बारिश के दिनों में ऐसी परेशानी लगातार लोगों को उठानी पड़ रही है। पिछले दो सालों से लगातार 2 महीने तक इस मार्ग पर पानी की अधिकता के कारण यातायात पूरी तरह से बंद रहता है। ऐसे में यहां पर पुलिया निर्माण की लगातार मांग करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में 101 करोड़ की बजट स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के चलते काम शुरू नहीं हो पाया था।

**नहीं लगाना पड़ेगा 95 किलोमीटर का चक्कर :** गौरतलब है कि बारिश के दिनों में चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ आने एवं जाने में 25 किलोमीटर के बजाय 95 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता था। बनास नदी में पानी आने पर शिवाड़ आने एवं जाने के लिए वाया बरौनी टोंक होकर



आना पड़ता है। जिसमें वाहन चालकों को 95 किलोमीटर अधिक का चक्कर लगाकर आना पड़ता है। इसमें सबसे अधिक चौथ माता एवं घुश्मेश्वर मंदिर में आने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब बनास नदी पर पुलिया बनने से लोगों को फायदा मिलेगा।

**जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू होगा :** बनास नदी पुलिया की टेंडर प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। इस संबंध में फाइल उच्च स्तर पर गई हुई है वहां से अप्रूवल मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**रिंकू मीणा, सहायक अभियंता आरएसआरडीसी**

## दिव्यांग बच्चो के लिए किया जाने वाला हर कार्य पुनीत कार्य : एसडीएम अमित कुमार

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने कहा है कि दिव्यांग बच्चो के लिए किया जाने वाला हर कार्य महान पुनीत एवं सेवा का कार्य है। उपखण्ड अधिकारी चौधरी मंगलवार को विश्व दिव्यांगता दिवस के मौके पर श्रीजी सेवा संस्थान दिव्यांग एवं विशेष विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजुद बच्चो व समाजसेवियो को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर चौधरी ने कहा दिव्यांगता परमात्मा की ओर से दिया हुआ है। किसी भी कारण से व्यक्ति दिव्यांग हो जाता है तो उसमें परमात्मा का वास हो जाता है। ऐसे में दिव्यांग बच्चो व दिव्यांग जनो के लिए यदि कोई कार्य किया जाता है तो वह परमात्मा की भक्ति व सेवा के समान होता है। इसलिए ऐसे पुनीत कार्यो से महान पुण्य की प्राप्ति होती है। चौधरी ने कहा कि हर किसी को इस प्रकार के सेवा कार्य करने से मन की संतुष्टि मिलने के साथ साथ पुण्य लाभ भी मिलता है। साथ ही मानसिक संतुष्टि भी मिलती है। इससे पहले एसडीएम चौधरी के विद्यालय पहुंचने पर संस्थान संचालको ने अगवानी कर स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया। इस दौरान एसडीएम चौधरी ने संस्थान की ओर से संचालित विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चो को आवश्यक सामग्री का वितरण कर हौसला बढ़ाया।



संस्थान सचिव हरिराम सैनी ने बताया कि एसडीएम ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद संस्थान का अवलोकर संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यो पर संतुष्टि प्रदान कर कार्यो के लिए सराहना प्रकट की। इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी भरतसिंह, नमस्कार स्वयं सहायता समूह , समाजसेवी संस्था लायनेस क्लब के सदस्य, श्री रामनारायण गौशाला, बच्चो के अभिभावक मौजुद रहे। संस्थान परिवार की ओर से सभी का आभार प्रकट कर समारोह में शिरकत कर दिव्यांग बच्चो का हौसला बढ़ाने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 230 नैत्र रोगियो की जांच के बाद 130 रोगियो का आपरेशन के लिए चयन किया

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति व रेखादेवी मेमोरियल संस्थान के संयुक्त तत्वावधन में आयोजित नि:शुल्क मोतियाबिन्द , लेंस प्रत्यारोपण एवं नैत्र शिविर में 230 नेत्र रोगियो की जांच के बाद 130 रोगियो का आपरेशन के लिए चयन किया गया। मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला में आयोजित शिविर का एडवोकेट रविकुमार जैन, डॉ. अकिंत जैन, डॉ. राकेश जैन व अन्य ने दीप



प्रज्जलवित कर शिविर का शुभारम्भ किया। क्लब सचिव सुनील जैन ने बताया कि शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध नैत्र विशेषज्ञो की टीम ने कुल 230 रोगियो की जांच कर नि:शुल्क सलाह दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सको के दल ने कुल 130 मरीजो का आपरेशन के लिए चयन किया गया।

## शादी की सालगिरह पर बधाई देने वालो का लगा रहा तांता

कृष्णचन्द्र विजय



**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की शादी की सालगिरह पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। मंगलवार को मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व श्रीमती राधा देवी की शादी की सालगिरह होने के चलते सुबह से ही बधाई देने वालो का तांता लग गया। बधाई देने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। कोई व्यक्ति रूप से मिलकर तो कोई सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंचे लोगो ने मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी वश्रीमती राधा देवी को शादी की सालगिरह की बधाई देकर मुंह मीठा करवाया।

## सरकार बदली, नहीं बदला सड़क का स्वरूप,दो साल से अटका है काम

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** जिले के बामनवास उपखण्ड क्षेत्र में मीणा ठिकरी गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय सुन्दरी से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण कार्य कांग्रेस की पिछली गहलोत सरकार के कार्यकाल में बजट स्वीकृत कर काम शुरू किया गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण कर दो साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। दो गांवों के बीच दूरी कम कर सुगम सुगम राह बनाने वाली सड़क के पूरा बनने का ग्रामीण आज भी इंतजार कर रहे हैं। दो साल बाद भी अधूरी सड़क होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से रामसिंहपुरा, मीना ठीकरी सहित अन्य गांवों की आमजनता को ग्राम पंचायत मुख्यालय सुन्दरी पर आने जाने के लिए सीधा रास्ता मिलेगा। मीणा ठिकरी से सुन्दरी होते हुए माधोपुरिया बालाजी तक सड़क



निर्माण शीघ्र पूरा करने की ग्रामीणों की लम्बे समय से मांग चली आ रही है। सड़क बनने से आमजनता को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। सुंदरी निवासी मूलचंद मीना, रामरुप, मनीषा, हुकम सुन्दरी आदि ने राज सरकार से ऑनलाइन शिकायत की है। इसके बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिए जा रहा है।



# जूली से मिली केरवा जाट की महिलाएं, शराब की अवैध ब्रांच को हटवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव केरवा जाट की सैकड़ो महिलाओं ने पहुंचकर अपनी पीड़ा को सुनाया । उन्होंने कहा कि गांव और उसके आसपास शराब ठेकेदार द्वारा अवैध ब्रांच खोली जा रही है जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण अपने रोजगार और परिवार को छोड़कर शराब के नशे में उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात ही नहीं बल्कि दिन में भी शराब के नशे में धुत नशेड़ी महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं। जूली ने महिलाओं की इस पीड़ा पर तुरंत एक्शन लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी को क्षेत्र में बने अवैध शराब की दुकान और अवैध ब्रांचो को बंद करने के निर्देश दिए हैं। जूली ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाना जरूरी है। जूली के इस क्विक एक्शन फोन से खुश होकर महिलाओं ने केक मंगाकर आज फिर से उनका जन्मदिन मनाकर धन्यवाद दिया।

## विश्व दिव्यांगजन दिवस पर विधिक शिविर आयोजित

# विशेष योग्यजन न्यायालय में पैरवी करने हेतु मुफ़्त वकील प्राप्त कर सकते हैं : अनिल कुमार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश (जिला जज) हरेंद्र सिंह के आदेश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी एवं तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ एडीजे जज गोपाल सैनी के निर्देश पर विश्व दिव्यांगजन दिवस पर किला मंदिर परिसर गोविंदगढ़ में नगर पालिका नरेगा साइट पर परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यागजनों के अधिकारों एवं उनकी समस्याओं पर मंथन किया गया। जिसमें तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति गोविंदगढ़ के पी एल वी अनिल कुमार के द्वारा बताया गया कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को भी सामान्य नागरिकों की भांति मौलिक, संवैधानिक एवं गरिमा पूर्ण जीवन जीने का अधिकार है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 4;इ के अंतर्गत अपने अधिकार से मानसिक रोगी और मानसिक अशक्तग्रस्त व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए वर्ष 2010 में एक योजना बनाई थी। साथ ही पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि श्रमिकों को योजनाओं का लाभ तभी मिल सकता है। जब वो श्रमिक कार्ड बनवाएंगे।श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए 1 वर्ष में 100 दिन कामए18 वर्ष से ज्यादा एवं 58 वर्ष से कम उम्र हो और राजस्थान का मूल निवासी होए मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को भी सामान्य नागरिक की भांति विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 के तहत न्यायालय में संस्थित एवं लंबित प्रकरणों मंस विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ़्त कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने का अधिकार है।पार्षद एवं समाजसेविका मधु खंडेलवाल एवं सुमन मेघवाल ने ने



महिलाओं को स्वरोजगार हस्तशिल्प स्वयं के बने हुए उत्पादों को एक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया। जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के लिए निशुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम 8 दिसंबर रविवार को होने के विषय में भी जानकारी दी। श्रमिक कार्डए ई.श्रमिक कार्ड के लाभ बताएं व जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरूक किया। पीएलवी अनिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा सभी नागरिकों की सुविधा एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया है। इस अवसर पर पीएलवी अनिल कुमार, पार्षद सुमन मेघवाल एवं पार्षद एवं समाजसेविका मधु खण्डेलवाल,लक्ष्मी देवी,मोना सैनी, सरला नागर, रीना, नरेगा श्रमिक मौजूद रहें।

# के के यादव समन्वय समिति अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मनोज चिकित्सा केंद्र में समन्वय समिति के अध्यक्ष पद हेतु क यादव को 12 वोटो से विजय घोषित किया गया है। चेतन जोशी ने बतलाया कि आज मनो चिकित्सा केंद्र जयपुर मैं समनवय समिति के अध्यक्ष पद हेतू दो उम्मीदवार खड़े हु? थे जिनमें चेतन जोशी ने बतलाया कि रेडियोग्राफर अधीक्षक रतिराम यादव निर्वाचन अधिकारी के सानिध्य में हुए निर्वाचन में कल 161 मतदाताओं ने अपने मत अधिकार का प्रयोग किया जिसमें एक मत निरस्त होने के बाद कृष्ण कुमार यादव को 86 वोट एवं देवेंद्र सैनी को 74 वोट मिले इस पर निर्वाचन अधिकारी ने कृष्ण कुमार यादव को 12 मतों से विजई घोषित किया।

# बयाना में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

## गंभीर हालत में युवक को भरतपुर रैफर किया, युवक मजदूरी कर लौट रहा था

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** बयाना-भरतपुर स्टेट हाइवे के बिडयारी गांव के पास मंगलवार दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने निजी वाहन से बयाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक ढिंढोरा सूरौठ (करौली) निवासी राधेश्याम (30) पुत्र विजय सिंह भरतपुर में रहकर निर्माण कार्य की मजदूरी करता है। जहां से वह मंगलवार दोपहर करीब 12.30 बजे बाइक से अपने गांव वापस आ रहा था। इसी दौरान बिडयारी गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। बयाना सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद राधेश्याम को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से घटना की जानकारी ली। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# परीक्षा फीस में बढ़ोतरी का विरोध : स्कूल शिक्षा परिवार ने शिक्षा मंत्री ने गुटखा वाले बयान को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** राज्य स्तर पर हो रही अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की फीस में बढ़ोतरी को लेकर निजी स्कूल संचालकों ने विरोध किया है। फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान पर भी निजी स्कूलों के सबसे बड़े संगठन स्कूल शिक्षा परिवार ने आपत्ति जताई है। दरअसल, शिक्षा विभाग ने अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की फीस प्रति विद्यार्थी 6 रुपए से बढ़ाकर 20 रुपए कर दी है। एक साथ तीन गुनी से अधिक फीस वृद्धि करने का निजी स्कूल संचालक विरोध कर रहे हैं। इस बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बयान दिया कि सीएम के यहां पैसे का पेड़ नहीं है। लोग एक दिन गुटखा खाना छोड़ दें, तो भी आसानी से फीस भरी जा सकती है। स्कूल शिक्षा परिवार के बयाना तहसील अध्यक्ष नीरज कुमार सारस्वत ने शिक्षा मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सारस्वत ने कहा कि स्कूलों में अल्प आय वर्ग परिवारों के काफी बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे में एक साथ तीन गुनी फीस वृद्धि करना न्यायोचित नहीं है। फीस कम करने के बजाय उसे सही ठहराने के लिए शिक्षा मंत्री बच्चों के अभिभावकों से फीस भरने के लिए गुटखा खाना छोड़ने जैसा बेतुका बयान दे रहे हैं। जबकि पेपर छापने वाली एजेंसी 5 रुपए में ही पेपर प्रिंट कराने को तैयार है।

# श्री पदम प्रभु जैन औषधालय निःशुल्क मेडिकल कैम्प शुक्रवार को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को श्री पदम प्रभु जैन औषधालय मेहताब सिंह का नोहरा अलवर परिसर में प्रात: 9:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक अस्थि संधि मेगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सा परामर्श, औषधि वितरण ,कोलेस्ट्रॉल,कैल्शियम, यूरिक एसिड,हीमोग्लोबिन,बी.पी/शुगर की जांच डॉक्टर लाल पैथ के माध्यम से कराई जाएंगी। जांच की रिपोर्ट मोबाइल पर शाम तक प्रेषित की जावेंगीं।

## उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन 08 दिसम्बर को

# उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में आगामी 08 दिसम्बर को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेद एवं सम्बद्ध विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला कलक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप आपसी समन्वय से जिले में स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों को शत-प्रतिशत परिणाम दिलवाते हुये सुदृढ़ राजस्थान का निर्माण किया जा सके। एडीएम ओमप्रकाश सहारण द्वारा बैठक में जिले में आयोजित होने वाले उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम में अन्य विभागों द्वारा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये सक्रिय सहयोग देने, विद्युत विभाग को अभियान के अन्तर्गत सतत् विद्युत सप्लाई, शिक्षा विभाग द्वारा बूथ हेतु सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों एवं आईसीडीएस द्वारा सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा सहयोग करने, टीम द्वारा पोलियों रोधी खुराक पिलाने, समाचार पत्रों एवं सोशल मिडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने, शिक्षा विभाग माध्यमिक व प्रारम्भिक को सभी विद्यालयों में जागरुकता रैली, प्रार्थना सभा में पल्स पोलियों की तारीख व स्थान की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने उपराष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम की रुपरेखा की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के लगभग 157000 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए जिले में 1463 बूथ, 2926 वेक्सिनेशन टीमें 177 सेक्टर सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है। आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल द्वारा पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली समस्त गतिविधियों की समीक्षा की गई।

डीएनओ रविकांत जांगीड़ द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कर जिले द्वारा तैयार किए गए माइक्रोप्लान एवं इसकी प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, डिप्टी डायरेक्टर आईसीडीएस, बीसीएमओ, सीएचसी प्रभारी, बीपीएम, बीएचएस एवं बीएनओ उपस्थित रहे।

# बीसीएमओ ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार मंगलवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आरोग्य परम धनमं उप स्वास्थ्य केन्द्र कंवरपुरा, गोवर्धनपुरा, कुजोता एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पवाना अहीर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र कंवरपुरा बन्द पाया गया, उप स्वा. केन्द्र गोवर्धनपुरा पर सीएचओ बिना सुचना के अनुपस्थित पाई गई। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाई गई और कई स्टॉफ ड्रेस में नहीं मिला। बीसीएमओ ने अनुपस्थित स्टॉफ को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिये। बीसीएमओ ने आभा आई.डी., ई.के.वाई.सी., साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण, वार्ड समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच की। साथ ही सीएचओ, एएनएम एवं आशाओं को नियमित रूप से लक्ष्य आवंटित कर आभा आई.डी. बनाने के निर्देश दिये।

## शक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन जारी

खण्ड कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में प्रत्येक मंगलवार को एनिमिया मुक्त भारत की संकल्प यात्रा को साकार करने हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। शक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 06 माह से 09 वर्ष तक के बच्चे, 10 वर्ष से 19 वर्ष के व्यस्क, गर्भवती महिला एवं धात्री माताओं की एनिमिया की जांच कर उपचार किया जाता है एवं उनका निरन्तर फॉलोअप किया जा रहा है।

# 13 साल पुराने पुराने मामले में दो आरोपियों को सजा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** 30 सितंबर 2011 को खेडली मोड चौकी क्षेत्र के छोकरवाड़ा बस स्टैंड पर सरकारी वाहन को नुकसान पहुंचाने और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में दो आरोपियों, परमचंद और गुरचरण उर्फ गुड्डा, को दोषी ठहराया गया। तीसरे आरोपी सन्नी राम की मृत्यु के कारण उसकी सजा रद्द कर दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट शशिकांत गुप्ता ने दोनों आरोपियों को धारा 332, 353 और 3 पीडीपी एक्ट के तहत सजा सुनाई। प्रत्येक को एक वर्ष का साधारण कारावास, 500 रुपये जुर्माना (अदायगी न होने पर अतिरिक्त एक माह कारावास), दो वर्ष का साधारण कारावास और 1000 रुपये जुर्माना (अदायगी पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास) तथा पीडीपी एक्ट में दो वर्ष का कारावास और 1000 रुपये जुर्माना (अदायगी पर एक माह अतिरिक्त कारावास) दिया गया।

# अधिवक्ता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष व बार एसोसिएशन भुसावर के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट की अध्यक्षता में अधिवक्ता दिवस मनाया गया जिसमें पाण्डेय ने अपनी उद्बोधन में कहा कि भारत में अधिवक्ता दिवस प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है यह भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद शर्मा का जन्म दिवस है उनका जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के छोटे से गांव जीरादेई में हुआ था उनके जन्म की वर्षगांठ 3 दिसंबर को अधिवक्ता समुदाय द्वारा प्रत्येक वर्ष अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वयं विद्वान अधिवक्ता थे और भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया था वे स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे अपने चट्टान सदृश्य आदर्शो एवं श्रेष्ठ भारतीय मूल्यों के लिए राष्ट्र के लिए डॉ राजेंद्र प्रसाद सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे इस मौके पर धनेन्द्र कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार पाण्डेय, आजाद बाबू, विनोद कुमार शर्मा सुरेन्द्र कुमार चौधरी, शान्ति स्वरूप शर्मा,प्रियंका कैरो ,धर्मेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सैनी आदि अधिवक्तागण उपस्थित थे ।

# खटीक समाज कार्यकारी का गठन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** समाज में फैली हुई कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज ,पर्दा प्रथा, दहेज ,अंधविश्वास आदि को मिटाने के पुरजोर प्रयास किया जाएंगे, ग्रामीण परिवेन में शिक्षा के क्षेत्र में पिछड रहे परिवारों को मुख्य धारा में लाकर बालिका शिक्षा सहित अन्य सामाजिक स्तर बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे यह कहना है खटीक समाज के नवनिर्वाचित तहसील महामंत्री डॉ विजय पहाड़िया का डॉ विजय पहाड़िया नवनिर्वाचित कार्यकारिणी गठन के समाज को अपना संदेश दे रहे थे। कस्बे के गुजरमल धर्मशाला में आयोजित कार्यकारिणी गठन जिला चुनाव पर्यवेक्षकों संजय बुटौलिया, मोहनलाल चेतीवाल के सानिध्य में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर भूरीसिंह गंगवाल, उपाध्यक्ष



रामखिलाड़ी, महामंत्री डॉ विजय पहाड़िया, कोषाध्यक्ष सुभाष एवं अन्य पदाधिकारी का चुनाव निर्विरोध संपन्न करवाया गया । सभी पदाधिकारी का साफा, माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन देशराज पहाड़िया, रतनलाल, यादराम, रामलाल, रामप्रसाद, महेश, अमरचंद, विनोद, मोहित,दीपकपहाड़िया आदि उपस्थित रहे।

# रिटायर होकर आए सूबेदार मेजर का बयाना के रेलवे स्टेशन पर फौजियों द्वारा भव्य स्वागत व सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** सेना से सकुशल सेवानिवृत्त से होकर आए सूबेदार मेजर (औरनरी कैप्टन) साहब सिंह कसाना गांव दमदमा बयाना 4 वीं राजपूत बटालियन से अपनी 30 वर्ष की कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर कई युद्धों में सेवा देने के बाद जनशताब्दी से आए। बयाना रेलवे स्टेशन पर पूर्व सैनिक संघ बयाना के सभी सम्माननीय सैनिकों के द्वारा कैप्टन साहब सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कावर की मौजूदगी में पुष्प माल्यार्पण एवं साफा पहना कर भव्य स्वागत सम्मान किया गया मेजर साहब का बयाना के रेलवे स्टेशन पर सभी फौजियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। उसके बाद डीजे और बैंड बाजा के साथ मेजर साहब को उनके उनके पैतृक गांव दमदमा तक ले गए। रास्ते में जगह-जगह रोक कर मेजर साहब का लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।



सैनिक संघ बयाना के अध्यक्ष बलराम कांवर ने बताया कि जिस प्रकार से सैनिक अपनी देश की सीमाओं पर ईमानदारी से सेवाएं देकर अपने घर वापसी आए हैं समाज में भी इसी प्रकार से कार्य करें और सभी सैनिकों ने कैप्टन जी का सम्मान किया साथ ही भारत माता की जय, वंदे मातरम, सैनिक एकता जिंदाबाद आदि के नारे लगाए। मौजूद सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कांवर,सचिव पुरषोत्तम दमदमा,उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सिनसिनवार, कॉर्डिनेटर सूबेदार हाकिम सिंह,सूबेदार राजवीर सिंह, सूबेदार राधेश्याम,कैप्टन कप्तान सिंह,देवी सिंह गुर्जर पटवारी,सूबेदार चतर सिंह,सूबेदार जगदीश, कैप्टन गुमान सिंह, सूबेदार कमल सिंह, सूबेदार नंदराम, सूबेदार शेर सिंह,सूबेदार दौलत सिंह,भूरी सिंह पहलवान, गजराज सिंह,इंदर सिंह,वीरेंद्र सिंह कांवर,लज्जाराम, समुंदर सिंह, केशव सिंह,रामवीर सिंह,उदय सिंह, जनक सिंह, चरन सिंह,भगवान सिंह आदि मौजूद थे।

## माँ चर्मण्वती गंगा मैया को 521 मीटर लंबी चुनरी उड़ाई




बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( सुनील मेघवाल )।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा बूंदी के द्वारा केशोरायपाटन में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा बूंदी के द्वारा माँ चर्मण्वती चंबल मे 521 मीटर लंबी चुनरी महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर माँ चंबल को दुग्ध अभिषेक व पूजा अर्चना के साथ चुनरी 521 मीटर की चुनरी पहनाई । कार्यक्रम के अध्यक्ष निधि तोतला ने बताया कि चुनरी महोत्सव को लेकर लोगों में उत्साह है। मारवाड़ी महिला मण्डल द्वारा ये आयोजन किया गया । कार्यक्रम में श्री हरि गो शाला समिति, पुजारी समाज व केवट समाज ने भी पूरा सहयोग किया चुनरी महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ । अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा बूंदी की पदाधिकारी के साथ स्थानीय सामाजिक संस्था और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे ।

### केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के मध्य हुआ एमओयू

## ज्ञान और कौशल के विकास मोर्चे पर आरटीयू की विद्यार्थी बनेंगे सशक्त : प्रो.एस.के. सिंह,कुलपति



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** सीएसआईआर –केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), नई दिल्ली और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा के मध्य गुवाहाटी में भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2024 के दौरान सीएसआईआर मंडप में सहयोगात्मक अनुसंधान हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि सीएसआईआर–सीआरआरआई के निदेशक प्रो. मनोरंजन परिदा और आरटीयू के कुलपति प्रो.एस.के. सिंह ने सीएसआईआर के महानिदेशक और भारत सरकार के डीएसआईआर के सचिव डॉ. एन. कलैसेलवी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया। इस समारोह में संस्थान के शीर्ष वैज्ञानिक के साथ मुख्य वैज्ञानिक और सूचना, संपर्क और प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. रवींद्र कुमार सहित वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर दोनों पक्षो नें आपसी सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और कौशल विकास के असिमित अवसरों पर सहमति जताई हैं। दोनों पक्षो नें द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने, जीवंत साझेदारी को मज़बूत करने तथा शिक्षा, कौशल विकास, गहन तकनीकी अनुसंधान एवं पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ाव बढ़ाने के बारे में भी सार्थक बातचीत की, साथ ही दोनों ने तकनीकी शिक्षा मे सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य सड़क अवसंरचना, परिवहन प्रणाली, पर्यावरणीय स्थिरता और सिविल इंजीनियरिंग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। प्रो. सिंह ने इस सहयोग को तकनीकी शिक्षा और छात्रों के लिए नए अवसरों का स्रोत बताया। प्रो. परिदा ने इसे सड़क और परिवहन इंजीनियरिंग में चुनौतियों के समाधान के रूप में महत्वपूर्ण बताया।

## हीरामन जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाई



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( बारां शफीक मंसूरी )।** नीलकंठ कॉलोनी,बरडिया में गुर्जर समाज द्वारा हिरामन जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किया गया ।रात्रि को गोठा गायन का जागरण हुआ ।प्रात: 11 बजे कलश यात्रा निकाली गई जिसमें अंता वासी सेकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। रघुवीर गुर्जर अध्यापक ने बताया कि पूर्व में कच्चा चबूतरा था जिसके लिये कालूलाल धाबाई ने भूमिका दान कर पक्के चबूतरे का निर्माण कराया था ।ओर हिरामन जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई ।जुलूस में घोडी पर सवारी आकर्षण का केन्द्र रही ।शाम को प्रसाद वितरण किया गया ।जिसमें गुर्जर समाज व अन्य लोगो द्वारा सहयोग किया गया।

### घुमन्तु समुदाय सहायता शिविर

## घुमन्तु समुदाय को मिला पुनर्वास और सामाजिक उत्थान का संबल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** राज्य सरकार द्वारा घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के पुनर्वास और सामाजिक उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत मंगलवार को सुल्तानपुर पंचायत समिति परिसर में आयोजित शिविर में 44 व्यक्तियों को घुमन्तु समुदाय पहचान पत्र जारी करने के लिए चिन्हित किया गया, जिनमें से 29 व्यक्तियों को शिविर के दौरान ही पहचान पत्र प्रदान किए गए।

संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की सविता कृष्णिया ने बताया कि शिविर में 15 व्यक्तियों को आधार कार्ड, 8 व्यक्तियों को जनाधार कार्ड, 4 व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन तथा 17 व्यक्तियों को नि:शुल्क दवाई वितरण किट उपलब्ध कराई गई। शेष आवेदनों की जांच प्रक्रियाधीन है।

### विकास और राहत प्रदान करने की बजाए आमजन पर भार डाल रही है भाजपा सरकार : धारीवाल

# 9 महीने में दो बार रजिस्ट्री की रेट में बढ़ोतरी क्यों : धारीवाल

## ब्यूरोक्रेट्स चला रहे हैं सरकार, गरीब, मध्यम वर्ग के आशियाने के सपने को कर रहे हैं चकनाचूर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** पूर्व यूडीएच मंत्री कोटा उत्तर से कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार द्वारा 9 महीने में दो बार रजिस्ट्री की रेट बढ़ाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए बयान जारी कर कहा है कि जब से भाजपा सरकार का गठन हुआ है सिर्फ जनता को लूटने के अलावा किसी भी तरह की योजना जनता के हित में नहीं बनाई गई धारीवाल ने बयान जारी कर कहा है कि कांग्रेस सरकार ने आमजन को आशियाना प्रदान करने के लिए विभिन्न छूट दी थी ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के अपना घर बनाने के सपने साकार हो सके और हजारों लोगों को रियायती दरों पर भूखंड एवं विभिन्न आवासीय योजनाओं को लॉन्च कर आशियाने उपलब्ध करवाए गए थे , लेकिन भाजपा सरकार राहत प्रदान करने वाली योजनाओं के उलट जनता पर वसूली का भार डालकर उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। धारीवाल ने कहा है कि अभी 1 साल भी सरकार के गठन को नहीं हुआ लेकिन सरकार के जन विरोधी इरादे और मिस मैनेजमेंट ने राजस्थान के विकास को ब्रेक लगा दिए हैं यह सीधा–सीधा जनता के भरोसे के साथ कुठाराघात है।

### ब्यूरोक्रेट्स चला रहे हैं सरकार

पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार के मुखिया सहित विभिन्न विभागों के मंत्रीयो के पास राजस्थान के विकास, जनता को राहत पहुचाने के लिए कोई विजन ही नही है सभी विभागों के अधिकारी ही सरकार के मुखिया हो रहे हैं यह सरकार पूरी तरह से ब्यूरोकैट्स और दिल्ली के आदेश पर चल रही है। जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों की ऐसी दुर्दशा राजस्थान में कभी किसी सरकार में नहीं रही जो हाल इस सरकार में हो रहा है जनता के कामों की तो बात ही मत कीजिए मंत्री और भाजपा के नेता अपने कार्यकर्ताओं के जनता से जुड़े कार्य करवाने में भी असमर्थ नजर आ रहे हैं।

### सिर्फ कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद और जांच करने का काम का दावा कर रही है सरकार

विधायक धारीवाल ने भाजपा सरकार के 9 महीने के कार्यकाल पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि कांग्रेस राज में आम जन को मालिकाना हक प्रदान करने के लिए बड़े–बड़े अभियान चला कर रियारते देकर आवास और भूखंड के लाखों पट्टे प्रदान किए गए थे, जब से भाजपा सरकार बनी है आमजन अपने आवास और भूखंड का पट्टा हासिल करने से भी वंचित हो गया है वहीं सरकार सिर्फ कांग्रेस सरकार के वक्त चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को बंद करने और जांच करने का दावा कर रही है। जनता को राहत प्रदान करने की दिशा में एक कदम भी आगे नही बड़ा रही है। जन विरोधी सरकार के खिलाफ कांग्रेस सड़क से सदन तक पुरजोर विरोध करेगी।



### कालीसिंध नदी पर नए पुल का मौका देखने पहुंची जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त टीम

# 70 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा नया पुल, नक्शा देखकर किया जगह का मौका मुआयना

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से मण्डाप–कुन्दनपुर एवं देवली क्षेत्र को जोड़ने के लिए कालीसिंध नदी पर बनने वाले उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए मौका देखने के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त टीम मंगलवार को गांवों में पहुंची। ऊर्जा मंत्री के ओएसडी राजेन्द्र नागर के साथ जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, भाजपा नेता शिवराज मालव, सत्यनारायण शर्मा और तहसीलदार, पटवारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने आमली और खेरली कंदाफल में जगह देखी। उन्होंने नक्शा देखकर जगह का मौका मुआयना किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के संयुक्त प्रयासों से इस क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। प्रधान जयवीर सिंह ने कहा कि पूर्व में भी बजट में पंचायत समिति को 300 करोड रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए थे। अब 70 करोड़ का पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत होने से इस क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी राजेन्द्र नागर ने बताया कि पूर्व में कुन्दनपुर–श्यामपुरा–मण्डाप ग्राम पंचायत के लोगों को कोटा आने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों को राजगढ़ होकर या फिर घानाहेड़ा होकर कोटा आना पड़ता था। कालीसिंध नदी पर स्वीकृत उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण से कुन्दनपुर–श्यामपुरा–मण्डाप–सांगोद–कुराड़ियाखुर्द पंचायत के दर्जनों गांवों को इसका लाभ मिलेगा। सांगोद से कोटा आने के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त होगा।

## जमादिल आखिर की चांद रात पर कपासन में आशिके दीवाना का हुजूम उमड़ा



कपासन प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर चांद रात पर जायरीने दीवाना का हुजूम।

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर मंगलवार को जमादिल आखिर की चांद रात पर आशिके दीवाना का हुजूम उमड़ा। दरगाह वक्फ कमेटी सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी ने बताया कि जमादिल आखिर की चांद रात मंगलवार प्रात: से आशिके दीवाना व जायरीने दीवाना की आवक शुरू हो गयी ।आस्ताना ए आलिया के मुख्य मज़ार पर फूल,ईत्र,चादर पेश करने हेतु बुलन्द दरवाजा तक कतारे लगी। आहता ए नूर मे महफिले मिलाद एवं कव्वाल हजरात ने कलाम पेश किये। इधर मेला ग्राउण्ड मे 300 से उपर अस्थाई वस्त्र, मनिहारी,खिलोने आदि के प्रतिष्ठान लगे ।मिन्नत के धागे बाँधने व मिन्नत उतारने हेतु बच्चो को गुड़, खोपरा,सुखा मेवा,फल–फ्रुट से तोलने का सिलसिला चलता रहा।

इसके बाद सांयकाल चांद दिखने से पूर्व चिराग बत्ती के समय लोबान के साथ अर्जिया पेश कर मुल्क मे अमनो सुकून एवं जायरीने दीवाना की हर परेशानी दूर करने के लिए दुआ की गई तो पूरा दरगाह परिसर आमीन–आमीन की सदाओं से गूंज उठा।

चांद देखते ही लोग एक–दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते नजर आये एवं बाबा हुजूर के धोले गुंबद को निहारते रहे ।यहां दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से सर्दी से बचाव तथा छाया–पानी की माकूल व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया।

# विधायक कल्पना देवी ने मानसगांव में विकास कार्यों का उद्घाटन किया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** मंगलवार को लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने ग्राम पंचायत मानसगांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मानस गांव एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, घघटाना में विधायक कोष से निर्मित 2 कक्षा–कक्ष मय बरामदा का एवं घघटाना से मालियो की टापरी तक 1 कि.मी. सडक का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि ग्राम मानसगांव एवं घघटाना के निवासियों ने विद्यालयों में कक्षा कक्ष की कमी से मुझे अवगत कराया था जिस पर मेरे द्वारा दोनों विद्यालयों में 2 कक्षा–कक्ष मय बरामदा निर्माण कराने हेतु विधायक कोष से 18 लाख रूपयें की अनुशंषा की थी जिसका लोकार्पण किया गया है। मानसगांव के ग्रामवासियों द्वारा 2 कक्षा–कक्ष मय बरामदा की और आवश्यकता से विधायक को अवगत कराया तो विधायक ने 2 कक्षा–कक्ष मय बरामदा निर्माण हेतु 18.00 लाख रूपये की घोषणा की। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया जिस पर विधायक ने शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने उद्घाटन के दौरान ग्रामीणों की आवश्यकता पर ग्राम मानसगांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2 कक्षा–कक्ष मय बरामदा एवं ग्राम घघटाना राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष निर्माण की घोषणा की। इस दौरान विधायक के साथ सरपंच नरेश मेघवाल, जिला परिषद सदस्य मुकेश वर्मा, पूर्व प्रधान गोपाल यादव, पूर्व सरपंच वीरम यादव, पूर्व उप सरपंच नरेश यादव, योगेश दाधीच, संजय यादव, गोविन्द यादव सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संघ प्रमुख का सुझाव

## तीन बच्चे ही पैदा करना समय की जरूरत : राजावत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** पूर्व संसदीय सचिव भवानीसिंह राजावत ने आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत के सार्वजनिक सुझाव कि अब दो या तीन बच्चे ही पैदा करें का समर्थन करते हुए कहा कि देश में अब एक या दो बच्चे पैदा करना हिन्दू धर्म की मानसिकता बन गई हैं जबकि अल्पसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दिनों दिन बढकर 30 से 35 प्रतिशत हो गई हैं। आज दुनिया के आधे से ज्यादा देशों मे हिन्दुस्तानी व्यापार व कारोआर बढ़ाते जा रहे हैं राजनीति में भी अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव मे भारतवंशी महिला विजेता ट्रम्प के मुकाबले मे दूसरे नम्बर पर रही। अमेरिका, इंग्लैण्ड, जापान फ्रांस, चीन लगातार सभी देशों मे दुबई मे तो आधे से ज्यादा हिन्दुस्तानी कारोबार कर रहे हैं ऐसे मे हिन्दुस्तानियों को यह करना चाहिए कि वो भी अपनी आबादी को बढ़ाने पर जोर दे नहीं तो कम संतान पैदा करने के चक्कर में ऐसा नहीं हो कि एक दिन हिन्दू अल्पसंख्यक हो जाएं और अल्पसंख्यक बहुसंख्यक हो जाएं, संघ प्रमुख की यह चिन्ता प्रकट करना समय की आवश्यकता हैं।

## विरोध यात्रा : मार्ग में श्रद्धालुओं ने किया हरिनाम संकीर्तन

### बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों की हो सुरक्षा, सद्भाव के प्रयास,केंद्र सरकार और यूनाइटेड नेशन से दखल देने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के विरोध में सोमवार को मुकुंदराविहार स्थित हरे कृष्ण मंदिर से एक विरोध यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर युवा, हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। इस यात्रा का उद्देश्य बांग्लादेश सरकार से हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा की मांग करना था। साथ ही, केंद्र सरकार और यूनाइटेड नेशन से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील भी की गई। मंदिर परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राधाप्रिय दास ने कहा कि यह यात्रा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के अधिकारों के उल्लंघन और उनके उत्पीड़न को रोकने की मांग को लेकर आयोजित की गई थी। उन्होंने इस मुद्दे पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर यूनाइटेड नेशन, से दखल देने की अपील की। उनका मानना है कि अगर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़े तो बांग्लादेश सरकार पर प्रभाव डालकर हिंदू समुदाय के अधिकारों की रक्षा की जा सकती है। यात्रा के दौरान हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने न केवल धार्मिक श्रद्धा प्रकट की, बल्कि पूरे विश्व में शांति, सुरक्षा और सद्भाव का संदेश भी दिया। यात्रा में बांग्लादेश सरकार से हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति स्थापित करने की मांग की गई। इसके साथ ही, भारत सरकार से भी इस मुद्दे में सहयोग की अपील की गई।

## राज्य में सफाई कर्मचारी भर्ती पोर्टल पुन : चालू करने को लेकर पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( बारां शफीक मंसूरी )।** राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा राज्य सरकार द्वारा स्थानीय निकाय विभागों में की जा रही सफाई कर्मचारियों की भर्ती के दौरान वांछनीय अनुभव प्रमाण पत्र नही बन पाने के कारण फार्म भरने से वंचित रहे अभ्यर्थियों के लिए पुन: पोर्टल को प्रारम्भ किए जाने तथा वाल्मिकी समाज के पेशेवर व्यक्तियों की संविदा के आधार पर भर्ती किए जाने की मांग को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा गया है ।पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे अपने पत्र में अवगत करवाया गया कि राज्य में सफाई कर्मचारी भर्ती के सम्बन्ध में स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी भर्ती प्रक्रिया में पात्रता के लिए निकायों के सक्षम अधिकारी के प्रमाण–पत्र की अनिवार्यता लागू की गयी थी परन्तु निकाय अधिकारियों द्वारा बढ़ाई गयी अन्तिम तिथि तक भी अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करने में शिथिलता बरती गई, इससे अन्तिम तिथि तक अनुभव प्रमाण–पत्र को मूल आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया जा सका और इसी बीच 20 नवम्बर को ही स्वायत्त शासन विभाग द्वारा संशोधन पोर्टल को लॉक (बन्द) कर दिया गया जो वस्तुत: 5 दिसम्बर 2024 तक चालू रहना चाहिए था, इससे वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों के आवेदन अपूर्ण रह गए तथा वाल्मीकि सफाई कर्मचारी वर्ग इससे वंचित रह गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 02 दिसम्बर 2024 को स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव ने पत्र क्रमांक 2६2024 द्वारा जयपुर की भर्ती को निरस्त कर दिया गया है और समझौते में यूनियन को मात्र जयपुर में संविदा द्वारा भर्ती के लिए आश्वस्त किया गया है। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने मुख्यमंत्री से वाल्मीकि सफाई आवेदकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करने से पूर्व संशोधन पोर्टल को अनलॉक चालू, किया जाकर सम्पूर्ण राज्य में केवल पेशेवर वाल्मीकि सफाई कर्मचारियों की संविदा के आधार पर भर्ती करने की कार्यवाही करने की मांग की गई है।



## जिले में सर्वप्रथम कपासन के तस्वारिया विद्यालय मे सोलर पैनल का कार्य शुरू

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तस्वारिया में सोलर पैनल का कार्य मंगलवार को विद्यालय परिसर में शुरू किया गया। राजकीय विद्यालय तस्वारिया के संस्था प्रधान सीपी सिरोया ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में सर्वप्रथम सोलर पैनल इंस्टॉलेशन का कार्य कपासन क्षेत्र के तस्वारिया विद्यालय में शुरू किया गया ।राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर द्वारा रील एंटरप्राइजेज की निविदा स्वीकृत होने से 5 लाख की लागत का सोलर सिस्टम जिसमे 14 प्लेट,अर्थिंग सेट,5 किलोवाट पावर का इनवर्टर बैट्री आदि उपकरण से इंस्टॉलेशन का कार्य प्रारंभ किया गया।

विद्यालय में सोलर सिस्टम लगने से शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण जोशी, श्यामलाल गौड़,गोविंद सिंह यादव, रामनिवास गढ़वाल, पुष्पा बुनकर, सुनीता गौड़, रिजवाना खान, 5संगीता तिवारी, मेना कंवर सहित ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक हर्ष व्यक्त किया गया।

# जिले में बदल रहे क्राइम के ट्रेंड पर चर्चा

## जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन में एसपी ने अधिकारियों से किया विचार विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें एसपी सुमित मेहरडा ने धौलपुर में अपराध के बदलते ट्रेंड के साथ सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर पुलिस के अधिकारियों से चर्चा की। इसके साथ ही न्यू क्रिमिनल लॉ, साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध, संगठित अपराध, अंतरराज्यीय गैंग, गैंगस्टर एवं अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की। जिला स्तरीय सम्मेलन में महिलाओं, बच्चों व कमजोर तबके के लोगों के विरूद्ध होने वाले अपराध पर नियंत्रण, कम्युनिटी पुलिसिंग, सोशल मीडिया एवं जनता के मध्य सहयोग एवं सहभागिता, नए कानूनों की पालना में आने वाली समस्याओं के साथ जिले में सडक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था आदि विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श व मंथन किया गया है। जिला स्तरीय सम्मेलन के दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिस के सामने पारदर्शिता बनाए रखने, ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियों से निपटने और आधुनिक तकनीकी उपायों को अपनाने की महत्वपूर्ण चुनौती है। इसके साथ ही सोशल मीडिया का उपयोग भी अपराध नियत्रंण में महत्वपूण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि नवाचार और तकनीकी साक्ष्य के साथ-साथ पुलिसिंग में सुधार की दिशा में कई नए कदम उठाए जा रहे हैं। समाज में विश्वास और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सजग, सर्तक और मजबूत होना आवश्यक है, जिससे पुलिस अधिकारियों को और अधिक दक्षता के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ ही भविष्य में होने वाले अभियानों में यह कार्यप्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन के बाद एसपी ने पुलिस अधिकारियों की काइम मीटिंग लेकर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर साल का अंतिम माह होने के कारण लंबित चल रहे सभी प्रकरणों के शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाडी कमलकुमार जांगिड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिकाउ प्रकोष्ठ हवा सिंह ने भी अपने विचार रखे।








# मंडल स्तर पर अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाएं : निकिता राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राष्ट्रीय व प्रदेश के द्वारा चलाया जा रहा संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ एवंभाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी के निर्देशानुसार भरतपुर संभाग संगठन पर्व सदस्यता अभियान की भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी निकिता राठौड़ (प्रदेश मीडिया प्रभारी) ने धौलपुर जिले में सक्रिय सदस्यों की बैठक ली। उन्होंने मंडल संयोजक व अन्य महिला कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाया इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा ने सभी भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी को अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनने को प्रेरित किया जिससे भारतीय जनता पार्टी मजबूत बने। इस अवसर पर मीडिया सेल से शशि त्यागी, कोषाध्यक्ष कमलेश सेन, उपाध्याय रानू त्यागी, उमा सिंह, जारगा मंडल संयोजक नीरज मुद्गल ,ज्योति शर्मा नेहा सिंह ,शिप्रा गर्ग, सपना गोयल ,अनुपम श्रीवास्तव, ऋषि मुद्गल और आदि महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# पूर्व विधायक मलिंगा की वीसी के जरिए हुई पेशी

## 13 दिसंबर को फिर होगी सुनवाई, भरतपुर की सेवर जेल में बंद

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** बिजली निगम के जेईएन और एईएन से मारपीट के बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने 20 नवंबर को धौलपुर एससी एसटी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने 2 दिसंबर तक न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। इस मामले में सोमवार को भरतपुर की सेवर जेल में बंद पूर्व विधायक की कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेशी हुई। विशिष्ट लोक अभियोजक माहिर हसन रिजवी ने बताया कि सोमवार को एससी एसटी कोर्ट के समक्ष पूर्व विधायक गिर्राज सिंह को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें फिर से 13 दिसंबर को पेश होने के आदेश दिए हैं। पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिन में सरेंडर करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद पूर्व विधायक ने एससी एसटी कोर्ट के समक्ष 20 नवंबर को सरेंडर कर दिया था। जहां से उन्हें धौलपुर जेल भेजा गया, जिसके बाद पूर्व विधायक को भरतपुर की सेवर जेल में शिफ्ट किया गया था। ढाई साल पुराने मारपीट के मामले में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 8 नवंबर को मलिंगा की जमानत पर लगी हाई कोर्ट की रोक को हटा दिया था, जिसको लेकर 13 दिसंबर को ही सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई होगी।



# एसपी ने शुरू किया टी विद पुलिस परिवार का नवाचार

## ऑफिस में पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों से मुलाकात कर जानी उनकी समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** 24 घंटे हार्ड ड्यूटी के दौरान घर से दूर रहने वाले पुलिसकर्मियों में ऊर्जा का संचार करने के लिए एसपी ने नवाचार शुरू किया है। टी विद पुलिस परिवार नाम से शुरू किए गए नवाचार में एसपी प्रत्येक महीने में एक बार पुलिसकर्मियों के साथ बैठकर चाय पर उनके दुख दर्द को साझा करेंगे। जिसकी शुरुआत सोमवार से कर दी गई है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने एक और अभिनव पहल करते हुए धौलपुर पुलिस परिवार की हौंसला अफजाई के लिए आज से टी विद पुलिस परिवार कार्यक्रम की शुरुआत की है। आज एसपी ऑफिस में एसपी ने जिले के अलग-अलग थानों से आए पुलिसकर्मियों के साथ चाय पर संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और ड्यूटी के दौरान आने वाले परेशानियों और बेहतर पुलिसिंग करने के लिए उनके सुझाव के साथ उनसे संवाद किया। इस दौरान जिले के विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मी एसपी की इस नई मुहिम के शुरू होने से मनोबल से लबरेज दिखाई दिए। एसपी द्वारा शुरू किए गए नवाचार के दिन पुलिस कर्मियों ने एसपी के समक्ष अपनी बातें रखी और अधिक बेहतर पुलिसिंग के लिए एसपी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की बात कही। नवाचार को लेकर एसपी ने बताया कि इस नवाचार के माध्यम से फील्ड में पदस्थापित पुलिसकर्मी सीधे अपने दुख दर्द, ड्यूटी की दिक्कतों को अपने पुलिस के मुखिया को बता सकेंगे। जिससे उन समस्याओं का निराकरण कर प्रो एक्टिव पुलिसिंग शुरू हो सकेगी। नवाचार के पहले दिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयूसीएडब्लू धौलपुर हवा सिंह सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



# मतदाता सूचियों के अपग्रेडेशन को लेकर विशेष अभियान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## बीएलओ से जानी प्रोग्रेस रिपोर्ट, 14 दिसम्बर तक लक्ष्य अर्जित करने के निर्देशं

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में मंगलवार को धौलपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी ने विधानसभा के समस्त बीएलओ और सुपरवाइजर की एक बैठक का आयोजन मंगलवार को शहर के किला परिसर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में किया। इस दौरान कलेक्टर ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए के वे अपने निर्धारित लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति 14 दिसंबर तक करें। जिससे धौलपुर जिला निर्वाचन विभाग द्वारा चलाए गए विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्रथम स्थान अर्जित कर सके।

वर्तमान में जिले का राज्य में चौथा स्थान चल रहा है। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि वे मतदाता सूची अपग्रेड करने के दौरान बीएलओ नव मतदाता की हेल्थ,उसकी सही आयु एवं जेंडर सही रूप से अंकित करें। जिससे मतदाता सूचियां के इस अपग्रेडेशन कार्यक्रम में कम से कम त्रुटि हो। उन्होंने नव मतदाता, वयस्क, बुजुर्ग, महिला,पुरुष सभी मतदाताओं को लेकर विशेष जानकारी सभी बीएलओ को दी। कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बैठक के बाद बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 चल रहा है। जिसमें 14 दिसंबर तक सभी सूचियां का अपग्रेडेशन करना है। बीएलओ को जो निर्धारित लक्ष्य दिया है। उसे समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए है। जिसको लेकर आज बाड़ी विधानसभा की प्रोग्रेस रिपोर्ट जानने के लिए यह बैठक आयोजित की है। उक्त बैठक में शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने वाले तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया है। उक्त बैठक में विधानसभा के 261 बीएलओ और 24 सुपरवाइजर मौजूद रहे।

बैठक के दौरान प्रशिक्षु आरएएस हेमंत कुमार घनघोर,एसडीएम अजय कुमार मीणा, तहसीलदार उत्तमचंद बंसल,पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह,सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव ,शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक, आरपी सुरेश भारद्वाज सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



# परख परीक्षा के आयोजन को लेकर की गई विशेष तैयारी

## आज उपखण्ड में 18 सेंटर पर आयोजित होगी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय सर्वेक्षण को लेकर 4 वर्ष बाद आयोजित होने जा रही परख परीक्षा का आयोजन 4 दिसंबर बुधवार को किया जाएगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा यह परीक्षा स्टूडेंट के शैक्षणिक स्तर की जांच करने को लेकर हर 4 वर्ष के बाद आयोजित होती है। ऐसे में परीक्षा आयोजन को लेकर मंगलवार को शहर के पंचायत समिति परिसर स्थित ब्लॉक शिक्षा विभाग कार्यालय में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में धौलपुर डाइट के प्राचार्य महेश मंगल,ब्लॉक के मुख्य शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा, एसीबीओ अजय कुमार कौशिक,आरपी सुरेश भारद्वाज के साथ ब्लॉक के यूसीईओ और पीईईओ मौजूद रहे। बुधवार को आयोजित होने जा रही परख परीक्षा को लेकर ब्लॉक शिक्षा विभाग के आरपी सुरेश भारद्वाज ने बताया यह परीक्षा सेंट्रल गवर्नमेंट के एजुकेशन मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही है। परीक्षा की मॉनिटरिंग केंद्रीय विद्यालय परीक्षा समिति कर रही है। जिन्होंने अपने ऑब्जर्व सभी सेंटरों पर तैनात किए हैं। बाड़ी उपखण्ड मुख्यालय पर यह परीक्षा 18 सेंटरों पर आयोजित होगी। जिनमें 10 सरकारी स्कूल और आठ निजी स्कूलों को चयनित किया है।

निजी स्कूलों में प्रभारी के तौर पर गवर्नमेंट स्कूल के प्रिंसिपल तैनात किए हैं। डाइट द्वारा पूरी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिन्होंने परीक्षा आयोजन को लेकर टीम गठित की है। परीक्षा आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक में ब्लॉक शिक्षा विभाग की आरपी घनश्याम दास मीणा, यूसीईओ हरिओम सिंह सिकरवार,पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी टीकम सिंह, राजवीर सिंह, अनारदेवी, विष्णु कुमार मीणा,रामचरण मीणा ,रजनीश रावत,विनोद शर्मा के साथ संस्था प्रधान ओंकार सिंह,सुभाष चंद्र बंसल,अनीता यादव, प्रेम नारायण शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।

### शैक्षणिक स्तर के जाँच को लेकर आयोजन



# विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं की एक्सपोजर विजिट हुई सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को अन्तर जिला भ्रमण कराने के लिए दल का अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार मंगल ने हरी झंडी दिखाकर सोमवार को रवाना किया। सहायक परियोजना समन्वयक विषाल गुप्ता ने बताया कि जिले के 90 बालक-बालिकाओं ने अन्तर जिला एक्सपोजर विजिट के दौरान विशेष शिक्षका, महिला विशेष शिक्षक एवं अभिभावक के साथ जिला करौली में कैला देवी मंदिर, कैला देवी अभ्यारण्य तथा मदन मोहन जी के मंदिर का भ्रमण किया। दल प्रभारी के रूप में हरिमोहन शर्मा वरिष्ठ शा.षि., अंजनी पचौरी व.अ., रविन्द्र कुमार अध्यापक, संतोष कुमारी शा.शि. सहप्रभारी के रूप में साथ रहे। द्वितीय दिवस 3 दिसम्बर मंगलवार को अन्तराष्ट्रीय विष्व विकलांगता दिवस के उपलक्ष्य में विषेष आवष्यकता वाले बालक-बालिकाओं की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण उद्यमशाला बिजौली में किया गया। प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता को कमजोरी न मानते हुए जिंदगी में सतत प्रयास करने चाहिए। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार मंगल ने बच्चों को सरकार द्वारा देय विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र प्रसाद शर्मा कार्यक्रम अधिकारी, सूर्यप्रकाश कुशवाहा, योगेश चंद शर्मा, मनीष, मधूसूदन आदि संदर्भ व्यक्ति उपस्थित रहे।



# सेवर में लगा प्रशासन का सहायता शिविर : चार घुमंतु परिवारों का किया रजिस्ट्रेशन, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** घुमंतू समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जारी करने और सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए घुमंतू विकास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत बाड़ी उपखंड प्रशासन द्वारा चंबल किनारे सेवर पाली गांव में शिविर का आयोजन किया गया। यहां रहने वाले चार मोगिया परिवारों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी परिवार जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। जो लोग स्थाई रूप से एक स्थान पर नहीं रहते वे लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। ऐसे घुमंतु समुदाय के लोगों के विकास को लेकर यह शिविर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में बाड़ी उपखंड मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर चंबल नदी किनारे सेवर पाली गांव में शिविर लगाया गया। जहां केवल चार परिवार घुमंतू श्रेणी में पाए गए। जो मोगिया समुदाय से हैं। ऐसे में चारों परिवारों का शिविर में रजिस्ट्रेशन किया गया है और उनको सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी है।

### सरकारी दस्तावेज नहीं होने पर भी दिया जा रहा लाभ

तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि ज्यादातर घुमंतु परिवार के लोगों पर सरकारी दस्तावेज नहीं मिल पाते हैं। जैसे वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र। ऐसे में यह लोग विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।

इसको लेकर मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया है और कागजों की कमी होने पर भी ऐसे लोगों को लाभ मिल सके इसके निर्देश दिए हैं। जिसमें आवासहीन व्यक्तियों को निशुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास की व्यवस्था, पालनहार योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, निशुल्क दवाई वितरण किट आदि लाभ दिए जा रहे हैं। शिविर के दौरान सेवर पाली ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, लिपिक, सरपंच, वार्ड पंच और ग्रामीणजन एवं राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।



# सर्व हिंदू समाज द्वारा रैली आज

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ, (नि.स.)।** बांग्लादेश में अल्प संख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी के विरुद्ध सर्व हिंदू समाज चित्तौड़गढ़ की ओर से बुधवार प्रात: 11 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम से कलेक्ट्री चौराहा तक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया जायेगा तथा इसके बाद प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

सर्व हिंदू समाज भारत सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाना चाहता है कि बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी वहां के अल्पसंख्यक समुदाय पर विशेष रूप से हिन्दू समुदाय पर अनवरत व अमर्यादित अत्याचार की घटनाएं वहां के प्रशासन की कायरतापूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना है। इस्कॉन ने या अन्य हिंदू संगठनों ने इन अलोकतांत्रिक घटनाओं का शांतिपूर्ण तरीके से मर्यादा पूर्वक विरोध प्रदर्शित किया है। लेकिन बांग्लादेश के प्रशासन द्वारा अत्याचार का विरोध करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले नेतृत्व को गिरफ्तार करना और दमन व कुचलने का कृत्य अमानवीय है और हिन्दू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। ऐसे में सर्व हिंदू समाज यह अपेक्षा करता है कि भारत सरकार इन सब घटनाओं को संज्ञान में ले और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाएं कि हिंदुओं के उत्पीड़न को रोकें और संत चिन्मय कृष्णदास को तत्काल रिहा किया जाए, और बांग्लादेश में किसी भी हिंदू संत, धर्म गुरु, पुजारी व नेता को अकारण गिरफ्तार करने की कुचेष्टा ना करें। बुधवार को सर्व हिंदू समाज द्वारा किए जा रहे रैली व प्रदर्शन में सर्व हिंदू समाज एव समस्त सनातनी बंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।

# नवीन सब्जी निर्माण हेतु न.पा. प्रशासन ने सब्जी व्यापारियों को सुनियोजित स्थानांतरित किया

## नवीन सब्जी निर्माण से कपासन को यातायात अव्यवस्था से मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** भाजपा शासित नगर पालिका बोर्ड कपासन की अगुवाई में गतिमान विकास कार्यों की पंक्ति में मंगलवार को नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहा के समीप स्थित नवीन सब्जी मंडी निर्माण स्थल पर सब्जी मंडी विकास कार्य प्रारंभ करने हेतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी के खुदरा व्यापारियों को पास के पब्लिक पार्क में अस्थाई रूप से स्थानांतरित कर वैकल्पिक स्थान प्रदान किया गया।

सब्जी मंडी स्थानांतरण प्रक्रिया दौरान नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा, सहायक अभियंता खेमराज गुर्जर, नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली, जमादार मुकेश कोदली, एएसआई सुभाषचंद्र, कांस्टेबल



लोकेंद्र, नीरज सहित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,नपा उपाध्यक्ष एजाज अली,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, पार्षद अशोक विजयवर्गीय, पार्षद प्रतिनिधि मनीष बारेगामा, गौरव दाधीच, राकेश आचार्य, चांदमल बारेगामा, मनोज आचार्य, रतन सिंह, देवीशंकर बारेगामा, रामप्रसाद आचार्य, राजू माली, मंडी अध्यक्ष नंदलाल माली, गोपाल आचार्य, कुलदीप सोनी, नगर पालिका कार्मिक विशाल कोदली, कार्यवाहक जमादार विजय कोदली एवं सब्जी मंडी व्यापारी उपस्थित रहे।

### नगर के नवीन विकास कार्य गतिमान पर : मंजू देवी



नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को बताया कि भाजपा समर्थित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अगुवाई में नगर के नवीन विकास कार्य गतिमान है। जिसका लाभ एवं राहत आमजन को आगामी दिनों में मिलने लगेगा। क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशन में 4 .98 लाख की लागत में कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन सब्जी मंडी का निर्माण होगा। जिसमे 114 दुकान में 75 सब्जी व 39 दुकान फ्रूट वालो हेतु बनेगी। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने कहा कि नगर में नवीन सब्जी मंडी निर्माण उपरांत नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था से आमजन को बड़ी राहत मिल सकेगी। साथ ही नपा अध्यक्ष सोनी ने कहाकि जो वर्तमान में सब्जी व्यापारी है उनको प्राथमिकता से पुन: नवीन सब्जी मंडी में स्थान आवंटित किया जायेगा। इधर युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशानुसार नागरिकों व सब्जी व्यापारियों हेतु सुविधायुक्त आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें पार्किंग, जन सुविधाएं, चार्जिंग प्वाइंट ,पंखा, लाइट, सब्जी भंडारण हेतु स्थल, अनलोडिंग एरिया, सब्जी वाशिंग एरिया आदि आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी।

# स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री के समाधि स्थल पर कपासन के कांग्रेस नेता नाम इंगित करना भूले

## क्या आगामी 19 दिसं. स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि तक नाम इंगित होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 6 में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का समाधि स्थल अपनी दुर्दशा के साथ विगत दिनों चर्चा में आया।साथ ही उक्त वार्ड से निर्वाचित जनप्रतिनिधि नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं उक्त पद की अगुवाई करते इनके प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका पार्षद राजीव सोनी क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों की चर्चा में शीर्ष पर है। गौरतलब है कि विगत दिनों स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल के सुदृढ़ीकरण हेतु क्षेत्र की जनता जनार्दन ने मुहिम रूप में रोष व्यक्त किया तथा सोशल मीडिया पर खरी खोटी उपरांत यहां समाधि स्थल पर आवश्यक रंगरोगन का कार्य उक्त जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि द्वारा






नगर पालिका कपासन के माध्यम से पूर्ण करवाया गया। इसके उपरांत अब उक्त समाधि स्थल पर उक्त जनप्रतिनिधि द्वारा आनन-फानन में राजनीतिक फजीहत है बचने हेतु रंगरोगन का कार्य करवा इतिश्री तो कर ली गई। परंतु उक्त प्रतिनिधि स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का नाम समाधि स्थल पर इंगित करना भूल गये। जिसके चलते जनता जनार्दन के गलियारों में चर्चा एवं रोष व्याप्त है। यहां रंगरोगन कार्य से पूर्व समाधि स्थल के शीर्ष स्थान पर बैनर लगा था। जिस पर कपासन क्षेत्र के विकास पुरुष एवं स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना का नाम इंगित था। जिससे दूरदराज एवं आवागमन करते आमजन सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न आयोजनों में आगंतुक जन-जन यहां इंगित नाम से पहचान कर स्वतंत्रता सेनानी को नमन करते है। वहीं पहचान समाधि स्थल पर नाम इंगित नहीं होने से धूमिल होती प्रतीत हो रही है। कमोबेश क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों में बढ़ती चर्चा है की नगर पालिका कपासन में आगामी 19 दिसंबर 2024 को स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना की पुण्यतिथि है। जिसको नगर कांग्रेस कमेटी कपासन द्वारा समाधि स्थल पर मनाया जायेगा। अब जनता जनार्दन पेनी निगाह से देख रही है कि क्या इससे पूर्व उदासीन जिम्मेदारों में स्वतंत्रता सेनानी एवं कपासन क्षैत्र के विकास पुरुष स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल पर नाम इंगित करने की जागृति आयेगी या क्षेत्र की जनता जनार्दन को रंगरोगन के बाद नाम इंगित कार्य को पूर्ण कराने हेतु भी क्या मुहिम चलानी पड़ेगी।

# सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ, (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल द्वारा मंगलवार को महिला अधिकारिता विभाग परिसर चित्तौड़गढ़ में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल ने केस रजिस्टर का अवलोकन किया। दो आवासित



बालिकाओं से वार्ता कर केस का संज्ञान लिया व साथ महिला अधिकारिता विभाग के कार्यों एवं योजनाओं पर चर्चा की। केंद्र प्रबंधक नीतू जोशी ने बताया कि हिंसा से पीड़ित महिला व बालिका को तुरंत एक ही छत के नीचे अस्थाई आश्रय तथा परामर्श, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, विधिक सहायता दी जाती है एवं नि:शुल्क 5 दिन तक भोजन, आवास, दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति ,सहायक निदेशक के निर्देशन में की जाती है। गत माह 24 महिलाओं को केंद्र द्वारा सहयोग दिया गया। केन्द्र 24 घण्टे 365 दिन खुला रहता है तथा पारी के अनुसार कुशल परामर्शदाता, सुरक्षा कर्मी एवं हेल्पर सेवा देने को तत्पर रहते हैं। निरीक्षण के दौरान स्टाफ सदस्य ममता तेली, लक्ष्मी जोशी, रंजना डाड, मयंक भटनागर, चांदी जाट उपस्थित थे।

# नपा कपासन के जमादार सत्यनारायण बेनीवाल की पदोन्नति होने पर कार्मिकों ने स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका जमादार सत्यनारायण बेनीवाल की स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।इस दौरान नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा,नपा स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ कपासन अध्यक्ष विक्रम कोदली की अगुवाई में



नगर पालिका कार्मिकों द्वारा जमादार सत्यनारायण बेनीवाल को स्वास्थ्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर माल्यार्पण के साथ मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ, (नि.स.)।** जिला परिषद् सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने बजट घोषणाओं और डीएमएफटी के अंतर्गत बकाया कार्यों को शीघ्र पूरा करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली और अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर आयोजन को सफल बनाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से समसा, डीएमएफटी और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की



अलग से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एवीवीएनएल से बिजली सप्लाई, कृषि कनेक्शन, जले हुए खराब ट्रांसफार्मर की स्थिति, रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ, एलपीजी आधार सीडिंग, मैपिंग आदि की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ से आयुष्मान आरोग्य शिविरों की तैयारी, आयुष्मान कार्ड वितरण, वय: वंदन योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवश्यक रूप से राजकाज पर ई फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भूमि अवाप्ति रामचंद्र खटीक ने आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर सभी कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन करने और पाठ्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 साल के कार्यक्रमों की तैयारी रखने, लोकार्पण शिलान्यास का सर्टिफिकेट भिजवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ विजय शंकर पांडे, एसीईओ राकेश पुरोहित, सीएमएचओ ताराचंद गुप्ता, उप निदेशक समाज कल्याण अशीन शर्मा, पीएचईडी एस ई सुनीत कुमार, उपनिदेशक उद्यान शंकरलाल जाट, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक प्रवीण जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजीकृत रेलवे यूनियन की मान्यता के लिए तीन दिवसीय मतदान आज से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ, (नि.स.)।** रेलवे बोर्ड के जारी निर्देशों के तहत पश्चिम रेलवे पर पंजीकृत रेलवे यूनियन की मान्यता देने के लिये गुप्त मतदान द्वारा 4 से 6 दिसम्बर को वोट डाले जाएंगे जिसमें रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़ तथा शम्भूपुरा मुख्यालय पर पोलिंग बूथ संख्या 22 तथा 25 बनायी गई जहाँ क्रमश: 656 तथा 445 रेल कर्मचारी अपने मतों का प्रयोग कर वेईए यूनियन को मान्यता देने के लिए मतदान करेंगे। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सोलंकी तथा सचिव मनोहर बारोठ के मार्गदशन में पूरे मंडल में जनसम्पर्क किया गया तथा नियन द्वारा कराये गये कर्मचारी हित के कार्यों के आधार पर यूनियन के पक्ष में मतदान की अपील की गई। मंडल सहायक सचिव बीएल मीणा, चित्तौड़गढ़ शाखा अध्यक्ष कुमार अशोक, शाखा सचिव नारायणलाल पटवा ने बताया कि वर्ष 1920 से पंजीकृत यूनियन गैर राजनैतिक संगठन होकर सदैव कर्मचारियों के हित में संघर्षशील रही है तथा सभी कर्मचारियों से लाल झण्डा के निशान पर मतदान करने की अपील की गई।चुनाव संयोजक श्रीकांत शर्मा ने बताया कि चुनाव संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सभी से निडर होकर शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की गई।

### रास्ता खोलने का अभियान शुरू

# ब्यावर जिले से राजस्व रिकार्ड मे बंद रास्ते खोले जायेगे : डॉ. खडगावत

## अब अदालत काश्तकारों तक पहुंचेगी और उनकी समस्याओं करेगी समाधान - गौरव बुढानिया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** जिला प्रशासन ब्यावर द्वारा एक नवाचार कर रास्ता खोलो अभियान की शुरूआत की हैं। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 2500 से अधिक रास्तो को खोलकर काश्तकारों व आमजन को राहत देने का विधिक रूप से प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत, उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर महेन्द्र खटनावलिया, अतिरिक्त जिला प्रमुख अधिकारी गोपाल मीणा, तहसीलदार हनुत सिंह रावत व राजस्व विभाग के अधिकारी, पटवारी, रेवेन्यू इंस्पेक्टर आदि ने एक 'रास्ता खोलो अभियान'पोस्टर का विमोचन भी किया है। जिला कलेक्टर खडगावत ने बताया कि जिले के अधिकांश गांवो मे लोगो को अपने खेतो तक जाने के लिये रास्ते नहीं मिल पा



रहे हैं। खेतो मे फसले खडी है लेकिन रास्तो के अभाव मे वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण उन्हें फसलो से निकला माल सडक तक पहुंचाने मे भारी कठिनाई का सामना करना पड रहा हैं। ऐसी स्थिति मे जिले के सभी उपखण्ड, ग्राम पंचायत, पंचायत व छोटे-छोटे बाडियो तक पहुंचकर आम लोगो के लिये रास्ता खुलवाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया काश्तकारों, आम नागरिको की समस्याओं को मध्यनजर रखते हुये इस प्रक्रिया को विधिक रूप से रास्ता खोलने का अभियान शुरू किया गया है। जिला कलेक्टर खडगावत ने बताया कि रास्ता खोलने का अभियान राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131ए के तहत रास्तो का एक बार राजस्व रिकार्ड मे अंकन किया जायेगा। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 के तहत रास्ता खुलवाया जायेगा। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251ए के तहत रास्तो का राजस्व रिकार्ड मे अंकित किया जायेगा। जो रास्ते राजस्व रिकार्ड मे अंकित है, लेकिन मौके पर बन्द कर रखे हैं उन्हें भी खुलवाया जायेगा। नरेगा द्वारा बनाये गये रास्तो का राजस्व रिकार्ड मे अंकन किया जायेगा। इसी तरह ब्यावर के उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया ने भी रास्ता खोलो अभियान के नवाचार को लेकर जानकारी देते हुये बताया कि अधिकांश स्थानों पर सार्वजनिक निर्माण विभाग, मनरेगा आदि से बनी सडके रिकार्ड मे तो उपलब्ध है लेकिन मौके पर नहीं दिख पा रही है। ऐसी स्थिति मे कई तरह के वाद विवाद पैदा होते है। ऐसे मामलो को लेकर उप जिला मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट की कोट मे जाकर ऐसी समस्याओं को निस्तारण के लिये आम लोग चक्कर लगाते है। लेकिन रास्ते मिल पाने मे कई समय गुजर जाता है।

# आचार्य रामेश ने करायी 412वी दीक्षा, किरण कोठारी ने 111 उपवास ग्रहण किये

## केश लोचन के बाद मुमुक्षु हर्षाली का हुआ नामकरण, अब रामहर्षा म सा के नाम से जानी जायेगी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** ब्यावर दीक्षा महोत्सव के दौरान गिब्सन होस्टल मे सुबह प्रवचन के दौरान आचार्य रामेश के मुखारविंद से मुमुक्षु हर्षाली कोठारी की दीक्षा अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ व स्थानीय साधुमार्गी जैन संघ, सकल जैन संच, कोठारी परिवार और यहां विराजित समस्त चतुर्विद संघ की हजारों लोगो की साक्षी मे आचार्य भगवन ने तीन बार करेमी भंते के पाठ से दीक्षा सम्पन्न करायी गयी। केश लोच महासती रोशनकंवर म सा के हाथो किया गया। आचार्य श्री ने नया नामकरण करते हुए कहा



अब वह रामहर्षा म सा के नाम से जानी पहचानी जायेगी व शासन की शोभा बढाती रहेगी। इससे पहले प्रवचन पंडाल मे आचार्य रामेश ने अपनी अमृत देशना देते हुए कहां समझोता निति खतरनाक होती है क्योंकि इसमे स्वार्थ भरा होता है। आज व्यक्ति शारिरिक, मानसिक, सात्विक रोग के कषायो से घिरे रहते है। बिना निर्णय गति मुश्किल होती है। निर्णय भीतर से शक्ति का जागरण कर देता है। आचार्य श्री ने कहा सयंम मे रहना सेफ रहना हमारे हाथो मे होता है। जब तक मंजिल प्राप्त नही होती तब तक चलते रहो चाहे कितनी बाधाएं आ जाये निरंतर चलते रहो। जैसे हर्षाली बहन ने अपने सभी रिश्ते नाते छोडकर अपनी आत्मा को पहचान कर अपनी मंजिल सयंम साधना मे तय कर ली। धीरज मुनि म सा ने कहा दीक्षा लेना जीवन का बहुत बहा महत्व है। भजन से कहा आया कहा से जाना कहा ढूंढलो ठिकाना ढूंढलो ठिकाना। महासती पराग श्री म सा ने कहा हर धर्म का अलग अलग विजन होता है। हमारे रामगुरु का भी अलग विजन है। संसार की प्रत्येक आत्मा शासन मे लगी रहे। नेता निति नियम सही होगा तो नतीजा भी अच्छा होगा।

# जेताखेड़ी गांव में पति ,पत्नी ने अपने दो बच्चों के साथ सामूहिक आत्महत्या की

## गंगधार थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना, जिला पुलिस अधीक्षक पहुँची मौके पर

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी गांव में हृदय विदारकक घटना ने क्षेत्र वासियों को झकझोर कर रख दिया है। झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी में पति-पत्नी सहित उनके दो बच्चों के आत्महत्या किए जाने की खबर के बाद हर कोई शौक में है। गंगधार थाना क्षेत्र के जैता खेड़ी निवासी नागु सिंह उसकी पत्नी संतोष बाई और दो बच्चों की मौत हो गई है। जब लोगों को घटना की जानकारी मिली तो देखा कि नागु सिंह उसकी पत्नी संतोष बाई और बड़ा पुत्र युवराज फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। जबकि 2 वर्षीय छोटा पुत्र पलंग पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में कोहराम मच गया और लोगों ने पुलिस को सूचित किया।सूचना मिलने पर गंगधार पुलिस मौके पर पोहचे तथा मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर चोमेहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।सुचना मिलने पर गंगधार पुलिस व डग उन्हैल,









पगारिया, मिश्रौली,भवानी मंडी, पुलिस जाप्ता व जिला पुलिस अतिरिक्त अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा गंगधार पुलिस उपाधीक्षक जय प्रकाश अटल,भवानीमंडी पुलिस उपाधीक्षक प्रेमकुमार चौधरी मौके पर पहुंचे।व घटना स्थल का अवलोकन किया गया। जहा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक



ऋचा तोमर ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामला गृह कलेश से संबंधित बताया जा रहा है। मौके पर एक सुसाइड नोट मिलने की बात भी सामने आ रही है। लेकिन पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही घटना का खुलासा हो सकेगा।फिलहाल पुलिस की और से कोई पुष्टि नहीं की गई है।ऐसे में आत्महत्या के कारणों का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संभवत-जमीन बेचने की बात को लेकर भी घटना का कारण हो सकता है। यदि घटनास्थल के दृश्य की बात करें तो वहां सबसे छोटे बालक का शव पलंग पर पड़ा हुआ मिला है।जिसके भी गले पर रस्सी जैसे निशान बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि छोटे बालक की मौत पहले हो गई थी।जबकि तीन अन्य फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले हैं।

जिनको उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया।पुलिस ने शवो का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया व पुलिस मेहकमा जाँच मै जुट गया।

## स्वयंसहायता समूह की महिलाओं को दिया होम मेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, सवाई माधोपुर की ओर से कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र कुमार बैरवा के सानिध्य में भाड़ोती में चल रहे होम मेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक पी.एन. बनर्जी एवं राजीविका से जिला प्रबन्धक समा बानो, ब्लॉक प्रोजेक्ट मेनेजर कमल बैरवा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 महिला प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक ट्रेनिंग दी गई और उन्हे स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के निदेशक नीरज कुमार गोपालिया ने होम मेड अगरबत्ती मेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े रोजगार के बारे में महिलाओं को जानकारी दी एवं एलडीएम ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व बताया। साथ ही उन्हें छोटी-छोटी बचत से पैसे जोड़ने के गुर सिखाए। महिलाओं से अगरबत्ती बनाने का कार्य करने हेतु आग्रह किया। समारोह के अंत में सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए। ईडीपी असेस्मेंट अधिकारी बी. एल. सोनी एवं योगेंद्र कुमार गौत्तम द्वारा मूल्याकन किया गया।

## नशे से संबंधित जानकारी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर दें नागरिक

### नार्को कोर्डिनेशन जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर,( बढ़ता राजस्थान )।** नार्को कोर्डिनेशन जिला स्तरीय कमेटी की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर धारासिंह मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले में युवाओं एवं बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृति को रोकने, ड्रग्स फ्री कैम्पस घोषित करने तथा ड्रग्स की डिमाण्ड व सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने महाविद्यालयों, विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं आमजन को अवैध ड्रग्स सप्लाई करने पर सजा के कानूनी प्रावधानों की जानकारी तथा ड्रग्स के नशे से स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्तर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी के लिए नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैलियां आदि का आयोजन कर आमजन में जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थो की तस्करी के बारे में ठोस खुफिया जानकारी एकत्रित कर निगरानी की जाए। जो व्यक्ति नशे का आदी हो और नशे की प्रवृति से छुटकारा पाना चाहते हैं उनके लिए विशेष रूप से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जाए। उन्होंने मादक पदार्थो एवं ड्रग्स के अवैध परिवहन/विक्रय/उपयोग की गोपनीय सूचना देने के लिए मुखबिर मामूर कर सूचना प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार कसवां, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी/एटीएस रजनीश शुक्ला, मनोचिकित्सक डॉ. गौरव चन्द्रवंशी, अधीक्षक सेन्ट्रल जीएसटी अभिषेक शर्मा, थाना अधिकारी थाना आबकारी सुरेश कुमार यादव, जीआरपी थानाधिकारी मुकेश शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा के लिए बीएसएनएल की नई पहल, विद्या मित्रम योजना शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी( नि.स. )।** डिजिटल सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए भारत संचार निगम लिमिटेड ने विद्या मित्रम योजना शुरू की है। इस योजना में दानदाता जरूरतमंद और प्रतिभाशाली छात्रों को फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रायोजित कर सकते हैं। योजना में तीन स्पॉन्सर स्कीम हैं, जिनमें 3 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 11 हजार वार्षिक शुल्क, 6 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 21 हजार रुपए वार्षिक शुल्क और 10 छात्रों को स्पॉन्सर करने के लिए 35 हजार वार्षिक शुल्क निर्धारित किया है। बीएसएनएल के उप महा प्रबन्धक जे.पी.मीणा ने बताया कि दानदाता व्यक्ति और समूह इन योजनाओं के माध्यम से छात्रों को स्पॉन्सर कर सकते हैं। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को डिजिटल शिक्षा के अवसर प्रदान किया जा रहा है। इससे डिजिटल विभाजन को कम किया जाएगा और विद्यार्थियों की ऑनलाइन संसाधनों, वर्चुअल कक्षाओं व शैक्षिक सामग्री तक पहुंच बन पाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर,( बढ़ता राजस्थान )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर देवेंद्र दीक्षित ने मंगलवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित कार्यवाहक जेलर महेशचंद शर्मा से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, उनके मुकदमो, संबंधित थाना एवं न्यायालय आदि के संबंध में पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। शिकायत पेटी का अवलोकन करने पर बंदियों एवं उनके परिजनों द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान 103 विचाराधीन एवं एक सजायाफ्ता बंदी सहित




कुल 104 बंदी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बंदियों को उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राधेश्याम जोगी, पीएलवी धनराज मीणा एवं डॉक्टर उमेश जाटव उपस्थित रहे।

## राज माली सेवा संस्थान, राजसमंद की प्रबंधकारिणी बैठक



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जावद धोइंदा स्थित जिला संस्थान की भूमि पर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष एडवोकेट बी एल माली ने बताया कि जिला संस्थान की प्रबंधकारिणी बैठक में एजेंडा वाइज बैठक में अतिमहत्वपूर्ण निर्णय पारित हुए, आगामी 29 दिसंबर 2024 को समाज के पांचों चौखला जिसमे राजसमंद,उदयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा जिले से प्रथम मेवाड़ स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह मे समाज की प्रतिभाओ को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ,जिसमें शैक्षणिक स्तर को बढ़ावे देने के लिए सत्र - 2023 एवं सत्र -2024 तक के कक्षा दसवीं से लेकर उच्च शिक्षा तक, एवं सह - शैक्षणिक स्तर में जिला स्तर ,राज्य स्तर, नेशनल स्तर एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर में भाग लेने वाले प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को एवं सत्र -2020 से लेकर सत्र 2024 तक सरकारी सेवा में चयनित एवं समाज के सभी एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंट्स , इंजिनियर,डॉक्टर्स एवं अन्य सभी प्रोफेशनल्स को समाज के मंच पर सम्मानित किया जाने का कार्यक्रम तय किया गया है, बैठक में उपाध्यक्ष लालू राम माली जोयरा, सह- सचिव हीरा लाल माली, खेड़ी सहित सभी मौजूद रहे।

## अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त

### पुलिस को देख ड्राइवर डंपर छोड़ भागा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट पुलिस ने अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त किया। आमेट पुलिस थाना इंचार्ज सुरेंद्र सिंह शक्तावत के अनुसार थाना सर्कल में अवैध बजरी खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। इसमें एएसआई बंसी लाल, कॉन्स्टेबल रणवीर, सुरेश कुमार सहित पुलिस टीम ने किशन पुरिया से घोसुण्डी मार्ग पर गश्त की। मुखबिर से सूचना मिली कि बजरी से भरा डंपर किशन पुरिया फाटक की ओर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम किशन पुरिया फाटक पहुंची तो डंपर आमेट की तरफ निकल गया। पुलिस ने डंपर को रुकवाया तो डंपर चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। डंपर मे युवक श्रवण सिंह पुत्र गंगा सिंह राजपूत निवासी किशन पुरिया था। पुलिस ने जब डंपर में भरी बजरी को लेकर जानकारी मांगी तो युवक श्रवण सिंह के पास कोई कागजात नहीं मिले। जिसके बाद पुलिस ने डंपर को जब्त कर पुलिस थाने खड़ा करवाया व खनिज विभाग आमेट को सूचित किया।

# देवली शहर के अग्रसेन बाजार में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर नगदी पर हाथ साफ किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों शहर में एक सप्ताह से कहीं ना कहीं एक के बाद एक चोरी की वारदात सामने आ रही है । सोमवार की देर रात को शहर के अग्रसेन बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम फिर से दे डाला। पुलिस से बेखौफ चोरों ने यहां रखी नकदी गल्ला समेत उठाकर ले गए। यहां चोरी की बढ़ती वारदातों पर यह कहना मुश्किल नहीं होगा कि पुलिस की सुस्त गश्त के कारण चोरों के हौसले इन दिनों बुलंद हो रहे हैं। कपड़ा व्यापारी की दुकान पर सोमवार की देर रात को हुई चोरी सूचना पर देवली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात की व्यापारी से जानकारी लेना शुरू कर दी। चोरी की वारदात से पीड़ित दिलीप कुमार ने पुलिस को मौके पर बताया कि मदनलाल निरंजन लाल अग्रवाल फर्म के कपड़े की दुकान के ताले चोरों ने तोड़कर दुकान के गले में रखे 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए हैं। व्यापारी दिलीप अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात चोर बीती रात उनकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे। जिन्होंने दुकान में रखें किसी सामान को नहीं छुआ। लेकिन गल्ले में रखी करीब सात से 8 हजार रुपए की सोमवार की दुकानदारी की राशी के साथ गल्ले में करीब 40 से 50 हजार रुपए रखें चुरा लिए हैं।वही इस राशि समेत चोर गल्ले में रखे करीब 5 से 6 चांदी के सिक्कों पर भी चोरों ने हाथ साफ कर लिया है। चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के बाद बेखौफ चोरों की हिमाकत तो देखो कि चोरों ने दुकान से गल्ला उठाया और कुछ ही दूरी पर व्यापारी के घर के बाहर उक्त गल्ले को छोड़कर फरार हो गए । ऐसे हालातो पर चोरों की इस हरकत से यह तो साबित होता है कि यहां चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर इन दिनों पुलिस से पूरी तरह बेखोफ बने हुए हैं। ऐसे में उक्त व्यापारी के घर के बाहर सुबह गल्ला ठेले पर सूना दिखाई देने पर लोगों को चोरी की वारदात का पता लगा। सूचना पर देवली थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे। और परिवादी को रिपोर्ट देने को कहा। वही दुकान के टूटे हुए ताले पुलिस अपने साथ ले गई। उल्लेखनीय है कि पिछले 1 सप्ताह के भीतर चोरों ने कई छोटी-छोटी छोरियों की






वारदात को अंजाम दिया है। ऐसे में चोरों ने अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले पुलिस थाने के बाहर बगल में रखी केबिन के ताले तोड़कर उसमें भी चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। तो वहीं शहर में लगे पालिका की बोरिंग मशीनों की केबलों को काट कर ले जाने से कर नहीं चूक रहे हैं। हालांकि यहां बढ़ती चोरी के मामले में पुलिस ने जांच शुरू तो कर दी है लेकिन चोरों की गिरिबा तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं।

## चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. ) ।** कस्बे के श्रीराम नगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में नवीन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फुले बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, बंधे बालाजी सैनी समाज धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गौ सेवक अमरचंद सैनी, प्राचार्य टीकम मालाकार, गौरीशंकर सैनी, पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी रहे। कार्यक्रम संत महात्माओं के सानिध्य में हुआ। जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि प्रात:काल को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, हवन की पूर्णाहुति की गई। इसके पश्चात समिति के सांस्कृतिक मंत्री बाबूलाल अजमेरा के सानिध्य देवयानी सरोवर सांभर लेक से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई एवं कांवड़ियों के द्वारा जलाभिषेक किया गया।



सांयकाल को विशाल श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष गणेश खडोलिया ने बताया कि मंदिर जीर्णोधार में समाजबंधुओं ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। इसमें समाज के सेकंडों प्रबुद्धजन और मातृ शक्तियां मौजूद रही। अंत में पँगत प्रसादी का आयोजन किया गया।

## सीजीएसटी अलवर की कार्रवाई

सवाई माधोपुर । रणथम्भौर में विभिन्न होटल्स में जीएसटी चोरी की सूचना पर सीजीएसटी अलवर की कर अपवंचना शाखा की ओर से सोमवार को तलाशी एवं जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी गई है। वहीं बीस लाख रुपए जमा किए गए हैं। सीजीएसटी अलवर के आयुक्त सुमित कुमार यादव ने बताया कि कर अपवंचना शाखा, अलवर के अधिकारियों की ओर से विशेष सूचना विकसित की गई। इस दौरान रणथम्भौर स्थित कुछ होटल्स के मेक माय ट्रिप, अगोडा, गोइबिबो आदि होटल बुकिंग पोर्टल पर उपलब्ध कमरों की दरों की तुलना में कम दर दर्शा कर जीएसटी की चोरी कर रहे है। बताया कि 7500 रुपए से अधिक के कमरों पर अधिसूचना संख्या 11/2017, 28 जून 2017 के अनुसार 18 प्रतिशत जीएसटी की जगह 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान किया जा रहा है। यह भी सामने आया कि कुछ होटल-रेस्टोरेन्ट सेवाओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी की जगह 5 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान कर रहे है। प्रारम्भिक जांच के दौरान लगभग 3.35 करोड़ रुपए की कर अपवंचना पाई गई है। इसमें से 20 लाख रुपए जमा भी कराए हैं।

# 12वीं फेल फेम विक्रांत मैसी का एक्टिंग से ब्रेक : कहा- 2025 में आखिरी बार मिलेंगे; फिल्म साबरमती रिपोर्ट के कारण धमकियां मिली थीं



12वीं फेल और द साबरमती रिपोर्ट जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके एक्टर विक्रांत मैसी ने अचानक रविवार देर रात एक्टिंग से ब्रेक लेने का ऐलान किया। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। जैसे ही यह खबर सामने आई, विक्रांत के फैंस हैरान और मायूस हो गए। कुछ लोगों का मानना है कि उन्होंने एक्टिंग से हमेशा के लिए दूरी बना ली है, जबकि कुछ का कहना है कि वे सही समय पर वापसी करेंगे।

अब घर वापस जाने का समय आ गया है- विक्रांत मैसी विक्रांत ने अपनी पोस्ट में लिखा है, हैलो, पिछले कुछ साल और उसके बाद के साल शानदार रहे हैं। मैं आपके लगातार समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं, लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता हूं, मुझे यह एहसास हुआ है कि अब खुद को फिर से संतुलित करने और घर वापस जाने का समय आ गया है। एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में भी, तो 2025 में हम आखिरी बार एक-दूसरे से मिलेंगे।

विक्रांत के इस ऐलान से फिल्म इंडस्ट्री हैरान विक्रांत के इस ऐलान पर फिल्म इंडस्ट्री से भी खूब रिएक्शंस आ रहे हैं। फिल्म 12वीं फेल में उनके साथ नजर आ चुकीं एक्ट्रेस मेधा शंकर ने हैरानी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सवाल किया है और लिखा है- वॉट, एक्ट्रेस अकांक्षा रंजन कपूर ने भी हैरानी जताई है। उन्होंने कमेंट कर लिखा- क्या सोनू!! नहीं, तुम उन कुछ बचे हुए कलाकारों में से हो जो रियल हैं।

फैंस हुए निराश विक्रांत मैसी ने एक्टिंग से ब्रेक की वजह अब तक नहीं बताई है, लेकिन उनके इस अनाउंसमेंट से फैंस जरूर निराश हो गए हैं। एक ने लिखा, 'आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? आपके जैसे अभिनेता बहुत कम हैं। हमें अच्छे सिनेमा की जरूरत है।' दूसरे ने लिखा, 'अचानक? सब ठीक है न?।'


द साबरमती रिपोर्ट के दौरान विक्रांत को धमकियां मिली थीं ब्रेक लेने से पहले विक्रांत की अंतिम फिल्म द साबरमती रिपोर्ट है, जो 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। यह फिल्म गोधरा कांड और उसके बाद हुए गुजरात दंगों पर आधारित है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म विवादों में आ गई थी।

फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी को धमकियां मिल रही थीं। इस बारे में खुद विक्रांत ने दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया था। विक्रांत ने बताया था कि विरोधियों ने उनके 9 महीने के बच्चे को भी नहीं छोड़ा और उसके बारे में अनाप-शनाप बातें की थीं।

टीवी से हुई करियर की शुरुआत विक्रांत मैसी ने छोटे पर्दे से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने टीवी पर धरम वीर, बालिका वधू, कुबूल है जैसे शोज में काम किया। छोटे पर्दे पर अपनी छाप छोड़ने के बाद उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया था।

# अभिषेक बच्चन बोले- हमेशा बीवियों की सुननी चाहिए

## तलाक की खबरों के बीच शादीशुदा मर्दों को दी सलाह; हाल ही में ऐश्वर्या की तारीफ की थी



**ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन इन दिनों अपने तलाक की अफवाहों को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन रविवार की रात मुंबई में एक अवार्ड शो में शामिल हुए। इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अवार्ड शो में होस्ट ने उनसे पूछा, मैरिड आदमी को क्या करना चाहिए? एक्टर ने इसका जवाब देते हुए कहा, मैरिड आदमी को वैसा ही करना चाहिए जैसा उनकी वाइफ कहती हैं।**

### अभिषेक ने शादीशुदा मर्दों को दी एडवाइस

अभिषेक बच्चन का वायरल वीडियो मुबंई में आयोजित फिल्मफेयर ओटीटी अवार्ड्स का है। वीडियो में एक्टर शादीशुदा मर्दों को एडवाइस दे रहे हैं। शो के दौरान होस्ट अभिषेक से पूछते हैं, 'एक छोटा सा सवाल है आपसे, आप इतनी अच्छी परफॉर्मेंस देते हैं की क्रिटिक्स भी कोई सवाल नहीं उठाते, ये आप कैसे कर लेते हैं?' एक्टर ने सवाल का जवाब देते हुए कहा, यह बहुत आसान है, इसका हमसे कोई लेना-देना नहीं है। हम तो वही करते हैं जो डायरेक्टर हमें करने के लिए कहते हैं। चुपचाप अपना काम करके घर आ जाते हैं।'

### 'वैसा ही करना चाहिए जैसा वाइफ कहती हैं'

अभिषेक बच्चन से होस्ट ने मजाकिया अंदाज में सिचुएशन को कंपेयर करते हुए पूछा कि जैसे डायरेक्टर की बात मानते हैं, वैसे ही वाइफ के रूल्स को भी मानते हैं क्या एक्टर ने हंसते हुए जवाब दिया और कहा- हां, जितने भी मैरिड मैन हैं, उनको वैसा ही करना चाहिए जैसा उनकी वाइफ कहती हैं। अभिषेक ने यह बात तब कही है जब उनके और ऐश्वर्या के बीच तलाक की अफवाहें चल रही हैं।

### कुछ दिन पहले अभिषेक ने की थी ऐश्वर्या की तारीफ

तलाक की खबरों के बीच कुछ दिन पहले अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय की तारीफ की थी। द हिंदू के साथ बातचीत में एक्ट्रेस के पति अभिषेक बच्चन ने उन्हें बेटी आराध्या की परवरिश के लिए शुक्रिया अदा किया था। अभिषेक ने कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे बाहर जाकर फिल्में बनाने का मौका मिलता है क्योंकि मुझे पता है कि ऐश्वर्या, आराध्या के साथ घर पर हैं और मैं इसके लिए उनका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं।'

### कैसे तलाक की खबरों ने पकड़ा तूल?

जुलाई में अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ अनंत-राधिका की शादी में शामिल हुए थे। रेड कार्पेट पर अभिषेक का पूरा परिवार मौजूद था, हालांकि उस समय ऐश्वर्या और बेटी आराध्या उनके साथ नहीं थीं। अभिषेक के पहुंचने के कुछ समय बाद ऐश्वर्या रेड कार्पेट पर बेटी के साथ पहुंची और पैपराजी को पोज दिए। दोनों ने शादी में अलग-अलग एंट्री ली और पूरी शादी में दोनों साथ नहीं दिखे। इसके बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी के साथ वैकेशन पर भी गई थीं, तब भी उनके साथ अभिषेक मौजूद नहीं थे। इसके बाद से ही दोनों के तलाक की अफवाहें सामने आ रही हैं।

# पीएम तक पहुंचा फिल्म दो पत्ती का बवाल : सीएम की कार्रवाई से खुश नहीं हुड्डा खाप, मोदी से की विवादित टिप्पणी हटवाने की मांग

हरियाणा में बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की 25 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म दो पत्ती पर उठे विवाद का मामला पीएम मोदी तक पहुंच गया है। इससे पहले सर्व हुड्डा खाप ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की थी। खाप के पदाधिकारियों ने सीएम से कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही 16 नवंबर को गुरुग्राम के राजेंद्र पार्क थाने में फिल्म दो पत्ती के निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस करवाने के लिए शिकायत दर्ज करवाई थी।


लेकिन अभी तक एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर सर्व हुड्डा खाप की ओर से गठित कमेटी के सदस्य सुरेंद्र हुड्डा ने पीएम नरेंद्र मोदी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए दो पत्ती फिल्म के विवादित शब्दों को हटाने की अपील की है।

हुड्डा खाप का कहना है कि 25 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म दो पत्ती में हुड्डा गोत्र पर टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी को फिल्म से हटाया जाना चाहिए और फिल्म निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और इसे प्रसारित करने वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

हुड्डा खाप का कहना है कि फिल्म दो पत्ती में एक सीन है, जिसमें एक कलाकार पर कोर्ट में आरोप लगाया जाता है, जो कह रहा है, हत्या यह नहीं होती। हत्या तो वह थी जो हमारे पड़ोस में हुड्डा रहते हैं, जिन्होंने अपनी बहू को सरेआम जिंदा जला दिया। हुड्डा खाप को फिल्म में की गई इस टिप्पणी पर आपत्ति है।

### 10 नवंबर को हुई थी पंचायत

25 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर फिल्म दो पत्ती रिलीज होने के बाद 10 नवंबर को रोहतक के बसंतपुर गांव स्थित सर्व हुड्डा खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर पंचायत हुई थी। इसमें खाप के 45 गांवों के प्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया था। इसमें एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। सुरेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने सीएम सैनी से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने बताया कि फिल्म दो पत्ती के एक डायलॉग से जाट समाज के हुड्डा गोत्र को बदनाम किया जा रहा है। इस विवादित मामले को लेकर सीएम सैनी से मुलाकात हो चुकी है। जिस तरह से फिल्म में हुड्डा गोत्र को बदनाम करने की साजिश की गई है, यह आपराधिक मामला है।






### खाप ने भेजा नोटिस, निर्माताओं ने दिया जवाब

सुरेंद्र हुड्डा ने कहा कि फिल्म रिलीज होने के अगले ही दिन इसके निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और नेटफ्लिक्स को नोटिस जारी किया गया। इसके जवाब में नेटफ्लिक्स और फिल्म निर्माताओं ने कहा है कि नोटिस में जिस घटना का आरोप लगाया गया है, वह फिल्म में घटित हुई है। लेकिन, यह फिल्म निर्माता और अभिनेता की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत है, और हुड्डा शब्द का प्रयोग महज एक संयोग है।

सुरेंद्र ने कहा कि देश का कानून किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा खराब करने और सम्मान को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं देता। फिल्म में प्रसारित विवादित डायलॉग से पूरी हुड्डा खाप की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। जाट समाज के हुड्डा गोत्र को साजिश के तहत बदनाम किया गया है।



# एक्ट्रेस नरगिस फाखरी की बहन पर डबल मर्डर का आरोप

## एक्स बॉयफ्रेंड और एक लड़की के जले शव मिले; लव ट्रांएंगल हो सकती है वजह

रॉकस्टार फेम नरगिस फाखरी की बहन आलिया को न्यूयॉर्क पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके ऊपर अपने एक्स बॉयफ्रेंड की हत्या का आरोप है। डेली न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने न्यूयॉर्क के क्वींस में दो मंजिला गैरेज में आग लगा दी, जिसमें एडवर्ड जैकब्स (35) और अनास्तासिया स्टार एटिएन (33) की मौत हो गई। आलिया की जमानत खारिज हो गई है। हालांकि, न्यूयॉर्क पुलिस आलिया से पूछताछ कर रही है।

आलिया को हो सकती है उम्रकैद मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया को 26 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन ग्रैंड जूरी ने उन पर कई गंभीर आरोप लगाए। अगर एक्ट्रेस की बहन पर लगे आरोप साबित हो जाते हैं, तो उन्हें उम्रकैद की सजा हो सकती है।

नरगिस की मां ने सभी आरोपों को नकारा नरगिस फाखरी ने इस मामले पर अभी तक कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनकी मां ने मीडिया आउटलेट से बात करते हुए इन सभी खबरों को नकार दिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह किसी को मार सकती थी। वह हमेशा सबका ध्यान रखती थी और हमेशा सबकी मदद करने की कोशिश करती थी।

ब्रेकअप के बाद भी आलिया ने पीछा नहीं छोड़ा- जैकब्स की मां एडवर्ड जैकब्स की मां ने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि जैकब्स और आलिया का रिश्ता एक साल पहले खत्म हो गया था। ब्रेकअप के बाद भी आलिया ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि जैकब्स और एटिएन के बीच प्यार का कोई रिश्ता नहीं था, वे सिर्फ दोस्त थे।

गवाह का बयान घटनास्थल पर मौजूद गवाह ने पुलिस को बताया, 'हमें कुछ जलने की हल्की सी गंध आई। नहीं पता कि यह गैसोलीन (पेट्रोल) था या कुछ और हम लोग बाहर भागे तो देखा कि सीढ़ियों पर रखे सोफे में आग लगी हुई थी। आलिया पहले सभी से कहती थी कि वह उसका घर जला देगी, वह उसे मार डालेगी।

2011 में नरगिस ने किया था डेब्यू नरगिस फाखरी ने साल 2011 में आई फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में वह रणबीर कपूर के साथ नजर आई थीं। इसके अलावा नरगिस मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर, अमावस और हाउसफुल-3 में नजर आ चुकी हैं।

इन दिनों एक्ट्रेस हाउसफुल 5 की शूटिंग में बिजी हैं, जिसमें नरगिस के अलावा अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलिन फर्नांडीस, टाइगर श्रॉफ, संजय दत्त और सोनम बाजवा भी नजर आएंगे।

गूगल पर लगातार ट्रेंड कर रही हैं आलिया फाखरी नरगिस फाखरी की बहन आलिया को गूगल पर लगातार सर्च किया जा रहा है। पिछले 30 दिनों के गूगल ट्रेंड्स को देखें तो साफ है कि आलिया को सर्च करने का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

# शालिनी पासी की बिग बॉस 18 में होगी एंट्री

## फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से मिली पहचान, ओरी जैसे रोल में नजर आएंगी एक्ट्रेस

बिग बॉस 18 में शालिनी पासी वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करने जा रही हैं। वह इस हफ्ते बुधवार और गुरुवार को शूट करेंगी। एक्ट्रेस 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से सुर्खियों में आई हैं।

### फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स से मिली पहचान

शालिनी पासी को 'फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स शो से काफी पहचान मिली है। इस शो ने उन्हें एक नया फेम और ऑडियंस के बीच पॉपुलैरिटी दिलाई है। ऑडियंस अब बिग बॉस में उनके एंट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### ओरी जैसे रोल में नजर आएंगी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शालिनी का रोल बिग बॉस 18 में पिछले सीजन के ओरी जैसा हो सकता है, जिसने शो में अपने अंदाज और ड्रामा से ऑडियंस को काफी अट्रैक्ट किया था। शालिनी का किरदार और भी इंट्रिगिंग हो सकता है।

### रियलिटी शो का अनुभव

शालिनी पासी को रियलटी शो फैबुलस लाइफ्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स का अनुभव है। ऐसा माना जा रहा है कि उनका ये अनुभव इस बार बिग बॉस में उन्हें कॉन्फिडेंस और रणनीति से गेम खेलने में मदद करेगा। वह इस शो में अपनी पहचान और प्रभाव बनाने का पूरा प्रयास करेंगी।

### बिग बॉस में होंगे नए ट्विस्ट और ड्रामा

शालिनी की एंट्री के बाद बिग बॉस में नए ट्विस्ट और ड्रामा का माहौल बन सकता है। उनके आने से शो में कुछ नया देखने को मिल सकता है, जो ऑडियंस को शो से जोड़े रखेगा। सूत्रों का मानना है कि बिग बॉस में उनकी एंट्री उनके करियर में एक नया मोड़ ला सकती है। वह अपनी पहचान बनाने के लिए इस मंच का पूरी तरह से फायदा उठाएंगी।

### इस सीजन में पहले भी हुई वाइल्ड कार्ड एंट्री

सलमान खान के रिएलिटी शो बिग बॉस में सबसे पहले दिग्विजय राठी और कशिश कपूर की बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई। उसके बाद एडिन रोज, अदिति मिस्त्री और यामिनी मल्होत्रा भी शो में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शामिल हुईं।

### इस हफ्ते कौन-कौन है नॉमिनेटेड?

इस हफ्ते करणवीर मेहरा, दिग्विजय राठी, सारा अरफीन खान, शिल्पा शिरोडकर, कशिश कपूर और चुम दरांग शो से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं।





जिन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है जो कम साधनों में भी खुश रहता है..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान में इस साल कम पड़ेगी ठंड

## दिन-रात का तापमान औसत से ज्यादा रहेगा; कोल्ड-डे की संख्या भी कम होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार ठंड कम पड़ेगी। दिसंबर से फरवरी तक औसत से कम सर्दी रहने वाली है। कोल्ड-डे भी कम रहने वाला है। मौसम विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली से जारी फोरकास्ट में इस सीजन दिन और रात में तापमान औसत से ऊपर ही बने रहने की संभावना जताई गई है। यह स्थिति पूरे देश में रहने वाली है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी वजह सीजन में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी कमजोर रहना मान रहे हैं। नवंबर में 4 से ज्यादा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आए, लेकिन वे कमजोर और ऊंचाई वाले पहाड़ों पर ज्यादा प्रभावी रहे। ऐसे में उत्तरी हवाएं कमजोर हैं। राजस्थान के ऊपर एंटी साइक्लोन बनने से भी उत्तरी हवाओं का प्रभाव कम है। यही कारण है कि दिन का तापमान औसत से ऊपर दर्ज हो रहा है। रात का तापमान भी औसत से कम है। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार राज्य में मौसम ड्राई रहा। बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर का 30.7 डिग्री और सबसे कम 9 डिग्री सीकर में दर्ज किया गया। जयपुर शहर में सुबह 10.30 बजे न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम साफ है। सुबह चमकीली धूप खिली। ठंड का असर कम है।

### बीकानेर में औसत से 4 डिग्री ज्यादा है तापमान

बीकानेर में अधिकतम तापमान अब तीस डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। बीते 24 घंटे में ये 28.4 रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य दिनों से 4.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यानी आमतौर पर बीकानेर में इन दिनों में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। सर्दी तेज रहती है। अभी ऐसा नहीं है। रात में भी लोग ठिठुरते नजर नहीं आ रहे हैं।

### जोधपुर में भी सर्दी का तेज असर नहीं

जोधपुर शहर में भी दिसंबर की शुरुआत के बावजूद तेज ठंड का असर नहीं है। शहर में अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान अब 15 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बदलाव और नजर आएगा। उत्तरी हवाएं चलने के बाद ठंड का असर बढ़ेगा।

### सीकर में चार-पांच दिन नहीं बदलेगा मौसम

सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज सुबह न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले सोमवार को यहां न्यूनतम तापमान 7.5 और अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम ड्राई रहने का अनुमान है। मौसम एक्सपर्ट्स के अनुसार दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में सर्दी का असर बढ़ सकता है।

सीकर में दिसंबर और जनवरी महीने में कई बार न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु के नीचे भी चला जाता है। हालांकि इस सीजन में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से नीचे नहीं पहुंचा है। 19 और 20 नवंबर को ही घना कोहरा छाया था।

### जैसलमेर में दो दिन से तापमान 30 डिग्री पर स्थिर

जैसलमेर जिले में दो दिन (रविवार-सोमवार) से तापमान 30 डिग्री पर स्थिर है। सोमवार-मंगलवार की रात पारा 15 डिग्री पहुंच गया। यहां सुबह शाम ठंड महसूस हो रही है। शीतलहर या कड़ाके की ठंड का असर नहीं है।



### नवंबर में भी औसत से कम रही सर्दी

इससे पहले नवंबर की स्थिति देखें तो प्रदेश में तापमान औसत से ऊपर ही दर्ज हुए थे। इस कारण नवंबर में औसत से कम ही सर्दी रही। यहां किसी भी शहर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। दिन के अधिकतम तापमान भी प्रदेश में 25 से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुए।

### शेखावाटी में गिरा पारा


राजस्थान में पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो सबसे ज्यादा तापमान 30.7 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में, जबकि सबसे कम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस माउंट आबू में दर्ज हुआ। शेखावाटी में चूरू, सीकर में कल न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। सीकर में कल न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री, चूरू में 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में भी कल न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### दिन में तेज धूप से राहत

राज्य के अधिकांश शहरों में दिन में आसमान साफ रहने और तेज धूप से लोगों को राहत है। सोमवार को बाड़मेर-जैसलमेर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में 27.4 डिग्री तक तापमान पहुंच गया। यहां सुबह से तेज धूप रही। शुक्रवार रात में जयपुर का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# गडकरी बोले- राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर

## यहां हर व्यक्ति दुखी है; सबको अपने पद से ऊंचे पद की लालसा है



बढ़ता राजस्थान

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का एक सागर है, जहां हर व्यक्ति उदास है और अपनी मौजूदा पोजिशन से ऊंची पोस्ट की उम्मीद लगाए बैठा है। रविवार को नागपुर में '50 रूल्स ऑफ गोल्डन लाइफ' के लॉन्च के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिंदगी समझौतों, मजबूरियों, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। इंसान चाहे परिवार के बीच हो, समाज में हो, राजनीति में या कॉर्पोरेट जीवन में, जिंदगी चुनौतियों और परेशानियों से भरी रहती है। व्यक्ति को इनका सामना करने के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' सीखना चाहिए।

गडकरी बोले- मुख्यमंत्री को डर है कि उसे हाईकमान कब हटा दे गडकरी ने हाल में राजस्थान के कार्यक्रम का जिक्र किया। यहां उन्होंने कहा था कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर है। हर कोई हां दुखी है। कॉर्पोरेटर उदास है, क्योंकि उसे एमएलए बनने का मौका नहीं मिला, एमएलए दुखी है क्योंकि उसे मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। जो मंत्री बन गया, वह दुखी है क्योंकि उसे अच्छा विभाग नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। और मुख्यमंत्री इस बात से परेशान है कि उसे नहीं पता हाईकमान कब उसे हटने को कह देगा। गडकरी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का कोट याद किया गडकरी ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की ऑटोबायोग्राफी का एक कोट याद रखते हैं, जो कहता है कि व्यक्ति के हार जाने से वह खत्म नहीं हो जाता, वह तब खत्म होता है जब वह खुद हार मान लेता है।

# आर्मी कैंप से लापता शख्स को ढूंढ रहे 2000 जवान

## मणिपुर के लीमाखोंग से 9 दिन से गायब हैं लैशराम; ट्रैकर डॉग-ड्रोन भी सर्चिंग में जुटे

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल।** मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के 2000 जवान मिलकर खोज रहे हैं। मणिपुर पुलिस सोमवार को किए फेसबुक पोस्ट में बताया कि लैशराम का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस हेलीकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा भी लिया जा रहा है। लैशराम कमलबाबू के लापता होने पर सेकमाई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद 30 नवंबर को सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि लापता शख्स सेना के अधिकारियों के लिए फर्नीचर बनाता था। वह सेना के कैंपस से गायब हुआ इसलिए सेना को ही उसे खोजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इनर मणिपुर से कांग्रेस सांसद ए. बिमोल अकोईजाम ने भी मंगलवार को कहा, आर्मी कैंप से एक व्यक्ति के लापता होने का मामले पर मैंने मीडिया के जरिए अपील की थी। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं इस मुद्दे को उठाऊंगा।

### जिस आर्मी कैंप से गायब हुए लैशराम, वह कुकी बहुल इलाका

कांगपोकपी जिले में बना 57वें माउंटेन डिवीजन लीमाखोंग आर्मी कैंप राजधानी इंफाल से लगभग 16 किमी दूर है और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह एक कुकी बहुल इलाका है। लैशराम, अपने परिवार के साथ इंफाल पश्चिम के खुखरुल में रहते थे। पिछले साल मई में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद लीमाखोंग के पास रहने वाले मैतेई लोग भाग गए थे, जिनमें अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

# राष्ट्रपति ने साउथ कोरिया में इमरजेंसी लगाई

## कहा- विपक्ष नॉर्थ कोरिया के इशारे पर सरकार अस्थिर करना चाह रहा, कई विपक्षी नेता हिरासत में

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने इमरजेंसी मार्शल लॉ का ऐलान किया। राष्ट्रपति ने विपक्ष पर संसद को नियंत्रित करने, उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखने और सरकार गिराने वाली गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राष्ट्रपति यून ने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की। इसके साथ ही दक्षिण कोरिया में जारी राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। यून की पीपुल्स पावर पार्टी मई 2022 से सत्ता में हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी सरकार की नीतियों का विरोध कर रही है। 1980 के बाद यह पहली बार है, जब दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ घोषित किया गया है।

देश में मॉर्शल लॉ ऐसे समय में लगाया गया है, जब संसद में सरकार और विपक्षी दल के बीच बजट विधेयक को लेकर मतभेद है। राजधानी सियोल में सड़क से लेकर संसद तक में प्रदर्शन हुआ। संसद में इस फैसले के खिलाफ मतदान हुआ है।

संसद के ऊपर हेलिकॉप्टर तैनात कर दिए गए हैं। सेना ने कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में ले लिया है। मार्शल लॉ लागू करने के विरोध में दक्षिण कोरियाई संसद के बाहर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

### मार्शल लॉ के बाद रैलियां बैन, प्रसारण पर रोक

- नेशनल असेंबली, स्थानीय परिषदों और राजनीतिक दलों, राजनीतिक संघों, रैलियों और प्रदर्शनों सहित सभी राजनीतिक गतिविधियां बैन होंगी।
- फेक न्यूज, पब्लिक ओपिनियन और झूठे प्रचार पर रोक रहेगी।
- सभी मीडिया और प्रकाशन मार्शल लॉ कमांड के नियंत्रण के अधीन होंगी।
- हड़ताल, काम रोकने पर कार्रवाई की जाएगी।
- प्रशिक्षु डॉक्टरों सहित सभी चिकित्सा कर्मी, जो हड़ताल पर हैं या चिकित्सा क्षेत्र छोड़ चुके हैं, उन्हें 48 घंटे के भीतर अपनी नौकरी पर लौटना होगा। ईमानदारी से काम करना होगा। उल्लंघन करने वालों को मार्शल लॉ के अनुसार सजा दी जाएगी।

# चुनाव की वजह से संभल में हिंसा हुई : अखिलेश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के छठवें दिन मंगलवार को अडाणी और संभल हिंसा पर एक बार फिर हंगामा हुआ। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, संभल में जो घटना हुई, वह एक सोची-समझी साजिश है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव था। अफसरों पर एफआईआर होनी चाहिए। अखिलेश यादव के बयान पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कायम नहीं हुआ। जो संभल में हुआ उसी आधार पर बदायूं, जौनपुर और अजमेर शरीफ में जो हो रहा है ये सारे देश में आग लगाने की साजिश है कि नहीं? उन्होंने कहा- 24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई।

# श्रीनगर में लश्कर का आतंकी जुनैद अहमद मारा गया

## अभी भी एनकाउंटर जारी; सेना ने दाचीगाम फॉरेस्ट की तरफ जाने वाले रास्ते बंद किए

बढ़ता राजस्थान



**श्रीनगर।** श्रीनगर में दाचीगाम के जंगलों से लगे हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर के आतंकी जुनैद अहमद भट को मार गिराया है। वह आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था।

22 दिन में यह दूसरी मुठभेड़ है, जो सोमवार रात से चल रही है। हालांकि, अभी बाकी आतंकियों की तलाश जारी है। सेना ने आतंकियों को खोजने के लिए दाचीगाम जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। इससे पहले हरवान जंगल में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। जंगल में पहुंचे जवानों पर पहले आतंकियों ने गोली चलाई। थोड़ी ही देर में आतंकियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। 22 दिन पहले 10 नवंबर को भी हरवान के जंगल में एक एनकाउंटर हुआ था, लेकिन तब आतंकी भागने में कामयाब हुई थे। कई घंटों तक गोलीबारी के बाद एनकाउंटर बंद कर दिया गया। तब भी 2-3 आतंकियों की छिपे होने की खबर मिली थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# तमिलनाडु में फेंगल तूफान से 12 लोगों की मौत

## डेढ़ करोड़ प्रभावित; सीएम स्टालिन ने केंद्र से 2 हजार करोड़ मांगे, पीएम ने फोन किया

चेन्नई। बढ़ता राजस्थान



तमिलनाडु में 30 नवंबर को आए फेंगल तूफान से अबतक 12 लोगों की मौत हो चुकी है, डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित हैं। सीएम स्टालिन ने सोमवार को पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर 2 हजार करोड़ रिलीफ फंड की मांग की। पीएम मोदी ने आज सुबह फोन पर स्टालिन से बात की और मदद का भरोसा दिया।

स्टालिन ने चिट्ठी में लिखा- 69 लाख परिवारों के 1.5 करोड़ लोग तूफान से बुरी तरह से प्रभावित हैं। 2,416 झोपड़ियां, 721 घर, 963 मवेशियों की मौत, 2 लाख हेक्टेयर जमीन बर्बाद, 9,000 किमी की सड़कें, 1,936 स्कूल तबाह हो चुके हैं।

उन्होंनें लिखा कि विल्लुपुरम, तिरुवन्नामलाई और कल्लाकुरिची में एक ही दिन में पूरे सीजन (50 सेमी से ज्यादा) के बराबर बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई। टेंपरेरी तौर पर सब कुछ ठीक करने के लिए 2,475 करोड़ की आवश्यकता होगी। एनडीआरएफ फंड के जरिए तत्काल 2 हजार करोड़ रुपए की मदद करें।

फेंगल तूफान 30 नवंबर शाम 7:30 बजे पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था। कमजोर होने के बाद तूफान 2 दिसंबर को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पहुंचा। इन राज्यों में भी लगातार तेज बारिश हो रही है।

### स्टालिन की पीएम को चिट्ठी, 3 पॉइंट

तूफान के लैंडफॉल के समय 90 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और विल्लुपुरम में भारी वर्षा हुई। कल्लाकुरिची, कुड्डालोर और तिरुवन्नामलाई में सड़कों और बिजली लाइनों का नुकसान हुआ। जलप्रलय से लोगों की आजीविका पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

हमने प्रभावित जिलों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया। एनडीआरएफ की 9 टीमें और स्ठत्रन्न की भी 9 टीमें तैनात की गई हैं। 38,000 सरकारी अधिकारियों और 1 लाख ट्रेन्ड फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स भी बचाव और राहत कार्यों में लगे हुए हैं। रिलीफ कैंप और कॉमन किचिन चालू किए हैं। बाढ़ वाले इलाकों से पानी निकालने के लिए 12 हजार मोटर पंप भेजे गए हैं। एनडीआरएफ फंड के अलावा नुकसान का आकलन करने के लिए सेंट्रल की एक टीम को भी भेजा जा सकता है, जिसके बाद पूरे राज्य को पहले जैसा करने के लिए और फंड की मांग की जा सकती है। तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में लैंडस्लाइड, 5 मौतें, 2 लापता तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। एनडीआरएफ के मुताबिक, लगभग 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी जिससे 2 घर जमींदोज हो गए। मलबे में दबने से 5 लोगों की मौत हो गई। 2 लोग अब भी लापता हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजकुमार, मीना, गौतम, इनिया, राम्या, विनोदिनी और महा की मलबे में दबने की आशंका थी। इनमें से किन 5 के शव मिले हैं, यह बताया नहीं गया है। एनडीआरएफ हाईड्रोलिक लिफ्ट से चट्टान हटाने की कोशिश कर रही है।